जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 148 प्रभात उदयपुर, बुधवार 2 अप्रैल, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.


# संसद में वक्फ बोर्ड विधेयक के खिलाफ इंडिया ब्लॉक एकजुट होकर वोट करेगा

## हालांकि संभावना है कि सत्ता पक्ष के पास बहुमत होने के कारण यह बिल लोकसभा व राज्यसभा में पारित हो जाएगा

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर संसद में अनिवार्य रुप से मौजूद रहने का आदेश दिया है।
- सत्तारुढ़ एन.डी.ए. के घटक जद (यू) और तेलुगूदेशम पहले वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ थे पर अब वे बिल के पक्ष में वोट करेंगे और उन्होंने अपने सांसदों को व्हिप भी जारी किया है।
- ज्ञातव्य है कि जद (यू) और तेलुगूदेशम के विरोध पर ही वक्फ विधेयक जेपीसी को भेजा गया था और इन दलों द्वारा प्रस्तावित संशोधन सरकार ने स्वीकार कर लिए हैं।
- इंडिया ब्लॉक के भी सभी दलों ने अपने सांसदों को व्हिप जारी की है। विपक्ष पूरी ताकत से सरकार का विरोध करेगा।
- बजट सत्र 4 अप्रैल को समाप्त हो रहा है और सरकार उससे पहले वक्फ बोर्ड बिल पारित करा लेना चाहती है।

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। "इंडिया" गठबंधन में शामिल सभी विपक्षी दल सामूहिक रूप से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के खिलाफ वोट देंगे। यह विधेयक कल लोकसभा में प्रस्तुत किया जायेगा।

इस विधेयक पर चर्चा करने के लिये मंगलवार शाम को इंडिया ब्लॉक के सभी विपक्षी दलों की मीटिंग हुई तथा यह तय हुआ कि ये सभी दल पूरी चर्चा में भाग लेंगे तथा उसके बाद सभी सामूहिक रूप से विधेयक के विरूद्ध वोट देंगे।

अगले दिन यह विधेयक राज्यसभा में रखा जायेगा। यह तो तय सा है कि यह विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो जायेगा, क्योंकि तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) तथा जनता दल (यू) इसका समर्थन करेंगे।

पहले इन्होंने इस विधेयक का विरोध किया था तथा जेपीसी की माँग की थी तथा सरकार, अपने मित्र दलों के दबाव पर, जेपीसी के लिये सहमत भी हो गई थी।

टीडीपी तथा जेडी (यू) दोनों ही दलों ने, तीन पंक्ति का व्हिप जारी करके अपने सभी सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने तथा वक्फ विधेयक पर सरकार का समर्थन करने के लिए कहा है।

वक्फ विधेयक को पारित करने में टीडीपी के समर्थन के बदले में, सरकार उसके तीन संशोधनों पर सहमत हो गई है।

विपक्ष ने भी विधेयक का विरोध करने के लिये अपने सदस्यों के लिये व्हिप जारी किये हैं तथा ऐसी आशा की जा रही है कि विपक्ष पूरी ताकत से सरकार का मुकाबला करेगा तथा मोदी सरकार के हिन्दू -मुस्लिम एजेंडे की बखिया उधेड़ेगा।

बजट सत्र 4 अप्रेल को समाप्त होना है तथा सरकार की कोशिश है कि संसद के अनिश्चितकाल के लिये स्थगित होने से पहले, वक्फ विधेयक दोनों सदनों में पारित हो जाये।

# मुख्यमंत्री भजनलाल की राज्य कर्मचारियों को सौगात

- राज्य कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ाने के आदेश दिए।

जयपुर, 1 अप्रैल। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष विक्रम संवत् (2082) एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवसर पर राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि की सौगात दी है। पैंशनर्स को भी महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कार्मिकों के डीए में बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद पहले कार्यदिवस पर ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिना देरी किए राज्य में भी केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई भत्ता तथा मंहगाई राहत में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पैंशनर्स को 1 जनवरी 2025 से 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय का लाभ लगभग 8 लाख कर्मचारियों एवं 4.40 लाख पैंशनर्स को मिलेगा। पंचायत समिति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जिनके घर गिराए हैं उन्हें 6 सप्ताह में दस लाख रूपए हर्जाना दिया जाए'

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में लोगों के घर गिराए जाने को अमानवीय कृत्य बताते हुए यूपी सरकार को आदेश दिया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भूयान की बैंच ने प्रयागराज में दादागिरी से मकान तोड़े जाने पर कड़ी टिप्पणी की और कहा कि देश में कानून का राज है और "आश्रय स्थल का अधिकार" भी कोई चीज़ है।
- सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता, जुल्फिकार हैदर और प्रोफेसर अली अहमद तथा अन्य लोग, जिनके घर तोड़े हैं, की याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने हमारी अन्तर्रात्मा को हिला दिया है।

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। सर्वोच्च न्यायालय आज योगी आदित्यनाथ सरकार तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण पर भारी नाराजगी जताई और शहर में घरों को गिराये जाने को "अमानवीय और अवैध" करार दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका तथा उज्जल भूयान की बैंच ने मकान तोडने की कार्यवाही को मनमानी और दादागिरी पूर्ण बताते हुए कहा कि "देश में कानून का शासन" है और नागरिकों के घर इस तरह नहीं ढहाये जा सकते।

बैंच ने कहा, "इस घटना ने हमारी अन्तर्रात्मा को झकझोर दिया है। "आश्रय का अधिकार" (राइट टु शैल्टर) तथा "कानून की उचित प्रक्रिया" जैसी भी कोई चीज होती है।"

इसलिये शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण को निर्देश दिये कि जिनके भी मकान तोड़े हैं उन मकान मालिकों को वह छः सप्ताह के अन्दर 10 लाख रू. का हर्जाना दें।

शीर्ष अदालत एडवोकेट ज़ुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद तथा अन्य की याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिनके मकान गिरा दिये गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले भी प्रयागराज में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाये बिना की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को जबरदस्त झाड़ लगाई थी, तथा कहा था कि इससे "स्तब्धकारी एवं गलत संकेत" जाता है।

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने गलतफहमी में मकान ढहा दिये थे, उसने ऐसा लगा कि वह जमीन अपराधी-राजनेता अतीक अहमद की है, जो 2023 में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका था।

# तमिलनाडु भाजपा में कौन लेगा अन्नामलाई की जगह?

## तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में तीन नाम सबसे आगे हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पहले नम्बर पर हैं, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन, जो पूर्व में भी भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष रही हैं।
- इसके बाद तिरुनेलवेली की विधायक नैना नागेन्द्रन और थेवर जाति के कद्दावर नेता सांसद एल. मुरुगन का नाम चर्चा में हैं।
- अब यह एकदम साफ है कि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई के दिन पूरे हो चुके हैं। असल में अन्नाद्रमुक ने अन्नामलाई को हटाने की शर्त रख दी थी। भाजपा नेतृत्व ने अन्नाद्रमुक नेतृत्व को मनाने की बहुत कोशिश की, पर, पलानीस्वामी टस से मस नहीं हुए।

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। तमिलनाडु भाजपा भारी परेशानी में है, क्योंकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि पार्टी नेतृत्व प्रदेश पार्टी अध्यक्ष को बदलने पर विचार कर रहा है। अन्नामलाई के विकल्प के रुप में तीन नाम चर्चा में हैं।

चर्चा है कि 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए अन्नाद्रमुक से गठबंधन की खातिर अन्नामलाई को हटाया जा रहा है। इस पद के लिए तेलंगाना की राज्यपाल और तमिलनाडु भाजपा की पूर्व अध्यक्ष तमिलिसाई सौंदरराजन, तिरुनेलवेली की विधायक नैना नागेन्द्रन और थेवर समुदाय के कद्दावर नेता और सांसद एल. मुरुगन प्रमुख हैं।

असल में अन्नाद्रमुक ने भाजपा के सामने गठबंधन के लिए अन्नामलाई को हटाने की पूर्व शर्त रखी है। अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनावो से पहले अन्नामलाई के व्यवहार के कारण भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया था। तब ऐसा लग रहा था मानो भाजपा गठबंधन तोड़ना चाहती थी। और तमिलनाडु में अपने दम पर आगे बढ़ना चाहती है। अन्नामलाई अन्नाद्रमुक के नेताओं खासकर जयललिता के खिलाफ बहुत कुछ बोल रहे थे। अन्नाद्रमुक के प्रमुख ई. पलानीस्वामी इसे सहन नहीं कर पाए और उन्होंने गठबंधन तोड़ दिया।

भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने उन्होंने मनाने की बहुत कोशिश की पर पलानीस्वामी नहीं माने। अभी भी उनकी यही शर्त थी कि अगर अन्नामलाई रहे तो गठबंधन नहीं होगा। अन्नाद्रमुक के प्रवक्ता कोवाई सत्यन ने एक निजी टीवी चैनल से वार्ता में बताया कि जहां तक तमिलनाडु में गठबंधन का सवाल है अन्नाद्रमुक का ही पलड़ा भारी रहेगा। पर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का नेता कौन होगा इसका निर्णय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अन्य राज्यों के दिव्यांग प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत

- हाई कोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2022 के एक मामले में सुनवाई करते हुए इन अभ्यर्थियों को चार सप्ताह में नियुक्ति देने के आदेश दिए।

जयपुर, 1 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में प्रदेश से बाहर का दिव्यांग प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों को चार सप्ताह में नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश राहुल कुमार सहित करीब एक दर्जन अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 में अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे थे। याचिकाकर्ताओं ने सामान्य दिव्यांग वर्ग में आवेदन किया था। तथापि, उनका यह कहते हुए चयन नहीं किया गया कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदेश से बाहर का है। इसको चुनौती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्वोत्तर राज्यों को घेरने के लिए चीन को आमंत्रित किया यूनुस ने

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- बाँग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस ने कहा, भारत के पूर्वोत्तर राज्य "लैण्ड लॉक्ड" अर्थात् भूमि से घिरे हुए हैं, उनके पास समुद्र तक पहुँचने का रास्ता नहीं है। इसलिए समुद्र के संरक्षक हम हैं।
- यूनुस के इस बयान को लेकर भारत के सुरक्षा विशेषज्ञों व विभिन्न दलों ने तथा पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भारी विरोध जताया।
- असल में पूर्वोत्तर राज्य सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन्स नैक) के जरिए शेष भारत से जुड़े हुए हैं। यह नेपाल व बाँग्लादेश के बीच का संकड़ा मार्ग है। चीन और भूटान इसके काफी समीप हैं, इसलिए भारी चिंता जताई जा रही है।

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। बाँग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अपनी हाल की टिप्पणियों में, अपने देश को भारत के "लैण्ड लॉक्ड" (भूमि से घिरे हुये) पूर्वोत्तर राज्यों के लिये महासागर का "एकमात्र अभिभावक/संरक्षक" बताया है। उन्होंने चीन को बाँग्लादेश में अपना आर्थिक प्रभाव बढ़ाने के लिये आमंत्रित किया है। मुहम्मद यूनुस की उक्त टिप्पणी और चीन को दिये गये आमंत्रण का भारत में जबरदस्त विरोध शुरु हो गया है।

अपनी हाल ही चीन यात्रा के दौरान, बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख ने चीन से उनके देश (बाँग्लादेश) में निवेश करने का अनुरोध किया था तथा कहा था कि भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों का लैण्डलॉक्ड होना एक अवसर सिद्ध हो सकता है। यूनुस ने कथित रूप से कहा कि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य लैण्डलॉक्ड हैं। उनके पास महासागर तक पहुँचने का कोई रास्ता नहीं है। (इसलिये) महासागर के एकमात्र संरक्षक हम ही हैं। इससे एक बहुत बड़ी संभावना (का द्वार) खुलता है। इससे चीनी अर्थव्यवस्था का विस्तार हो सकता है।"

यूनुस के इस बयान से भारत में सुरक्षा-संबंधी चिन्ताएं पैदा हो गई हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, "बाँग्लादेश, भारत को घेरने के लिये चीन को आमंत्रित कर रहा है। यह एक खतरनाक स्थिति है। भारत सरकार मणिपुर पर ध्यान नहीं दे रही है तथा अरुणाचल में चीन ने गाँव बसा ही दिये हैं। हमारी विदेश नीति इतनी करुणाजनक एवं दयनीय है कि जिस देश को अस्तित्व में आने के लिये भारत ने मदद की थी, वही आज हमारे खिलाफ लामबंदी कर रहा है।"

शिव सेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने इसे एक ऐसी "खतरनाक स्थिति" बताया है, जो भारत की रक्षा-सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य आज सिलगुड़ी कॉरिडोर, जिसे "चिकन'स नैक" भी कहा जाता है, के जरिए शेष भारत से जुड़े हुये हैं। यह नेपाल और बाँग्लादेश के बीच, जमीन की एक सँकरी सी पट्टी है तथा भूटान और चीन इस कॉरिडोर से कुछ सौ किलोमीटर दूर ही हैं।

यूनुस के इस ताजा बयान से उत्तर-पूर्वी राज्यों के मुख्यमंत्री बड़े उत्तेजित हैं। असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ने के अन्य ऐसे वैकल्पिक रास्ते तलाश करने की आवश्यकता पर जोर दिया है जो सिलिगुड़ी कॉरिडोर से नहीं गुज़रते हों। सरमा ने कहा कि यूनुस का यह बयान भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर (चिकन्स नैक कॉरिडोर) से जुड़ी "स्थायी रूप से असुरक्षित स्थिति (परसिस्टैन्ट वल्नरेबिलिटी नैरेटिव) को दर्शा रहा है। उन्होंने कहा, "हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने ही होंगे, भले ही इस कार्य में इंजीनियरिंग-संबंधी जबरदस्त चुनौतियाँ सामने आयें।"

मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि यह तो स्पष्ट है कि यूनुस बाँग्लादेश की भू-राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरी करने के लिए पूर्वोत्तर को एक "रणनीतिक बंधक" (स्ट्रैटेजिक पॉन) के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यूनुस से आग्रह किया कि वे "अविवेकी बयान" न दें, क्योंकि इनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 साल की सजा

- पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने कहा, अभियुक्त युवक ने नाबालिग से दुष्कर्म किया है, उस पर नरमी नहीं बरती जा सकती।

जयपुर, 1 अप्रैल। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सूरज बैरवा को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्त पर साठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी जगमोहन अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया है। ऐसे में उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक मातादीन शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने ब्रह्मपुरी थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 28 जून, 2021 को वह वैवाहिक समारोह में करौली गया हुआ था और उसकी पत्नी काम करने घर से बाहर गई थी। शाम को पत्नी के घर आने पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दो बाघों को रैस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा

- मध्यप्रदेश में रायसेन जिले के भोजपुर वन क्षेत्र से रैस्क्यू किए गए टाइगर्स को लेकर प्रशासन को कई शिकायतें मिली थीं।

रायसेन/भोपाल, 01 अप्रैल। वन विहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व की रेस्क्यू टीम, पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से रायसेन जिले के भोजपुर वन क्षेत्र से दो बाघों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित ढ ंग से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया।

भोजपुर से लगे हुए वन क्षेत्र बीट भोजपुर में भोजपुर-ईमलिया मार्ग पर एक माह से दो टाइगर्स का लगातार विचरण बना हुआ था। इन टाइगरों ने 5 मवेशियों का शिकार किया था। टाइगर के विचरण के कारण ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे थे। टाइगरों का खेतों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '27 प्रतिशत मतदाता स्टालिन को ही मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं'

## सी वोटर सर्वे में यह भी खुलासा हुआ कि सुपर स्टार विजय का राजनीति में प्रवेश स्टालिन के लिए परेशानी पैदा कर सकता है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सी वोटर सर्वे के अनुसार, 27 प्रतिशत वोट के साथ स्टालिन अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों, ई. पलानीस्वामी और अन्नामलाई से काफी आगे है, जिन्हें दस-दस प्रतिशत वोट मिले हैं, पर, विजय 18 प्रतिशत वोट लेकर स्टालिन को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।
- हालांकि, द्रमुक इस बात से खुश है कि जनता ने द्रमुक व स्टालिन के नेतृत्व में भरोसा जताया है, पर, युवा वर्ग में एक्टर विजय की अपील को अनदेखा नहीं किया जा सकता, खासकर "एंटी इन्कम्बैंसी" फैक्टर को देखते हुए।
- सर्वे में 15 प्रतिशत वोटर्स ने द्रमुक सरकार के काम काज पर पूर्ण संतोष, 36 प्रतिशत ने कुछ हद तक संतोष जताया, पर, 25 प्रतिशत ने असंतोष जाहिर किया और 24 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। यह 49 प्रतिशत वोटर्स द्रमुक की चिंता का प्रमुख कारण हैं।
- द्रमुक के लिए अभी तक राहत की बात यही है कि विपक्ष बंटा हुआ है। पर, अगर अन्नाद्रमुक और भाजपा का गठबंधन, जिसके गंभीर प्रयास हो रहे हैं, हो जाता है तो नतीजे कुछ और हो सकते हैं।

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। इलैक्टोरल सर्वे और ओपीनियन पोल्स पर पूरी तरह भरोसा नहीं किया जाना चाहिए, खासतौर से इस समय जो एजेण्डा इन मीडिया कवायदों को प्रेरित कर रहे हैं उसे देखते हुए और तमिलनाडु सरकार के प्रदर्शन और मौजूदा राजनैतिक हालात पर हुए सर्वे को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

लेकिन सी वोटर, जो कि नियमित रुप से जनता की राय को ट्रैक करता रहता है, ने तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों से पूर्व करवाए गए अपने सर्वे में पाया है कि आगामी चुनावों में मौजूदा मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन काफी आगे हैं और जनता की राय पूछे जाने पर जनता ने उन्हें पहली पसंद बताया।

मुख्यमंत्री पद के लिए 27 प्रतिशत लोगों ने स्टालिन को प्राथकिता दी वहीं भाजपा के अन्नामलाई और अन्नाद्रमुक के ई. पलानीस्वामी को दस-दस प्रतिशत लोगों ने अपनी पसंद बताया।

सी वोटर सर्वे ने बताया कि एक्टर विजय जो हाल ही में राजनीति में आए हैं, की पार्टी टीवी के शेष विपक्ष से आगे है, उन्हें 18 प्रतिशत लोगों ने अपना समर्थन दिया। एक तरह से यह नवीनतम सर्वे त्रिकोणात्मक संघर्ष का संकेत देता है पर इसमें द्रमुक का पलडा भारी है बशर्ते अन्नाद्रमुक और भाजपा का गठबंधन हो जाए, अन्यथा चतुष्कोणीय मुकाबला होगा, जिससे द्रमुक के जीतने की संभावना और बढ़ जाती है।

सर्वे को लेकर द्रमुक की खुशी का सबसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। –अज्ञात

# क्या बीजेपी व आरएसएस अपनी सोच बदल रहे हैं

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि वह मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ एकजुट है, क्योंकि धार्मिक भेदभाव एक व्यापक चुनौती है जो सभी धर्मों के अनुयायियों को प्रभावित करती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने पिछले दिनों यह वक्तव्य दिया कि "भारत विविधता और बहुलवाद की भूमि है। यह दुनिया के लगभग हर प्रमुख धर्म के अनुयायियों का घर हैं और इसके 20करोड़ से अधिक नागरिकों द्वारा इस्लाम का पालन करने के साथ, भारत दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है।" भारतीय प्रतिनिधि ने इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्लेनरी की अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए भारत की यह आधिकारिक दृष्टि प्रस्तुत की। हमारे प्रतिनिधि का कहना था कि धार्मिक भेदभाव, घृणा और हिंसा से मुक्त दुनिया को बढ़ावा देना भारत के लिए अनादि काल से जीवन का एक तरीका रहा है। "हम मुसलमानों के खिलाफ धार्मिक असहिष्णुता की घटनाओं की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के साथ खड़े हैं...हमारा दृढ़ विश्वास है कि सार्थक प्रगति का मार्ग यह स्वीकार करने में निहित है कि विभिन्न रूपों में धार्मिक भय हमारे विविध, वैश्विक समाज के ताने-बाने को खतरे में डालता है।" भारतीय प्रतिनिधि ने पूजा स्थलों और धार्मिक समुदायों को निशाना बनाकर हिंसा में खतरनाक वृद्धि पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि भारत चाहता है कि "सभी देशों को अपने सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और ऐसी नीतियों का पालन नहीं करना चाहिए जो धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा प्रणाली रूढ़िवादिता को कायम न रखे या कट्टरता को बढ़ावा न दे।" इधर लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिंदुओं और मुसलमानों के बीच भाईचारे के सबसे बड़े समर्थक महात्मा गांधी को सिर्फ बीसवीं सदी का ही नहीं हर सदी का महान नेता बताते हुए उन्हें याद किया और गर्व से कहा कि मैं उस देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं जो भगवान बुद्ध की भूमि है, जो महात्मा गांधी की भूमि है। दिल्ली की नई बनी बीजेपी सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (दिल्ली प्रदेश) द्वारा आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि उन्हें उसमें शामिल होकर सभी भाइयों और बहनों के साथ सद्भाव और एकता का संदेश साझा करने का अवसर मिला है। उनका सार्वजनिक बयान था कि हमारी संस्कृति आपसी सम्मान, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है और ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भाव को और मजबूत करते हैं।" राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी बार-बार अपने संबोधनों में समाज में भाईचारे की तरफदारी करते हुए कहते हैं कि राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वो नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं, ये स्वीकार्य नहीं है... तिरस्कार और शत्रुता के लिए हर रोज नए प्रकरण निकालना ठीक नहीं है और ऐसा नहीं चल सकता। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजीत पवार का यह कथन भी महत्वपूर्ण है कि मुस्लिम समुदाय को डराने या सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के किसी भी प्रयास का सख्त जवाब दिया जाएगा और आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी। ये सारे वक्तव्य क्या बीजेपी और आरएसएस के सोच में आ रहे परिवर्तक के संकेत हैं? इस सवाल का जवाब आसान नहीं है। हालांकि ये सारी भावनाएं वे ही हैं जो भारतीय संविधान में मौजूद है। लेकिन नफ़रत से भरे दिमाग वाले लोग भी इस देश में हमेशा रहे हैं। ऐसे ही लोग थे जिन्होंने महात्मा गांधी के सीने में गोलियां दागने का विकृत सोच हत्यारे को दिया। सत्य, अहिंसा और प्रेम के पुजारी की हत्या पर खुशियां मनाने और हत्यारे का महिमामंडन करने वाले आज भी मौजूद हैं और अपनी नफ़रत फैलाने के प्रपंच रचते रहते हैं। इन्हीं ने देश में मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाकर चुनावी राजनीति में ध्रुवीकरण करके बीजेपी को सत्ता में बिठाने में मदद की है। एक कहावत है कि शेर की सवारी करना आसान होता है किन्तु उस पर से उतरना मुश्किल होता है। क्या केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी तथा उसे वैचारिक आधार देने वाले संगठन शेर की सवारी से उतारने का प्रयास कर रहे हैं?

**राष्ट्र की केवल एक ही अच्छी परिभाषा हो सकती है कि लोग एक-दूसरे की भलाई के बारे में चिंतित होकर और समान नैतिक और सांस्कृतिक लक्ष्य रखकर एक हों। लेकिन जब लोग उस स्थिति पर पहुंच जाते हैं कि वे अपने संघर्ष में सही और गलत के बीच अंतर करना बंद कर देते हैं, तो वे एक ऐसे खतरनाक बिंदु पर पहुंच जाते हैं,जहां केवल विनाश के अलावा कुछ नहीं होता। नये आये यदि इस समझ के साथ आए हैं तो शुभ है।**

वोट की प्रतिस्पर्धी राजनीति ने हिन्दू-मुसलमान संबंधों पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। सभी राजनीतिक दलों ने इस धार्मिक विभाजन का चुनावों में अलग-अलग समय पर लाभ उठाया है। जहां एक तरफ मुसलमान आरएसएस और भाजपा को अपना जाति दुश्मन समझ कर उनके विरोध में अपने वोटों का संगठित रूप से उपयोग करते रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी इसी को हथियार बनाते हुए मतदाताओं के बीच ध्रुवीकरण करने में सफल हुई। जिन वक्तव्यों का ऊपर हवाला दिया गया है वे तभी वास्तविक धरातल पर आ सकते हैं जब भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने कैडर को मुस्लिम समुदाय के प्रति नफ़रत का ज्वार उठाने की आदत छोड़ने की समझदारी सिखायेंगे। धार्मिक उन्माद और कट्टरपंथी विचारधाराएं दोनों समुदायों के बीच दीवारें खड़ी करती हैं। ऐसा बीसवीं सदी के पहले दो दशकों के बाद से ही होता चला आ रहा है। चुनावी प्रतिस्पर्धी राजनीति के चलते नया डिजिटल मीडिया इसमें आग में घी का काम कर रहा है, जहां नफ़रत फैलाने वालों को खुला मैदान मिल गया है। मुख्यधारा का मीडिया भी नफ़रत का दरिया बहाने में सोशल मीडिया की ही राह पकड़ रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर मीडिया संस्थानों को भी नफरत फैलाने वाली खबरों से अपने व्यवसाय का मुनाफा कमाने में अब कोई उठा नहीं रहा है। राष्ट्र की केवल एक ही अच्छी परिभाषा हो सकती है कि लोग एक-दूसरे की भलाई के बारे में चिंतित होकर और समान नैतिक और सांस्कृतिक लक्ष्य रखकर एक हों। लेकिन जब लोग उस स्थिति पर पहुंच जाते हैं कि वे अपने संघर्ष में सही और गलत के बीच अंतर करना बंद कर देते हैं, तो वे एक ऐसे खतरनाक बिंदु पर पहुंच जाते हैं,जहां केवल विनाश के अलावा कुछ नहीं होता। नये आये यदि इस समझ के साथ आए हैं तो शुभ है।

यह भी सही है कि हिन्दू और मुसलमान समुदाय के बीच ऐतिहासिक समस्याएं रही हैं और संघर्ष भी, क्योंकि दोनों समुदायों के बीच संबंधों का इतिहास बहुत ही जटिल और विविधतापूर्ण रहा है। दोनों समुदायों के बीच की धार्मिक और सांस्कृतिक भिन्नताएं हमेशा से इसका एक मुख्य कारण रही हैं। हिन्दू धर्म बहुदेववादी है, जबकि इस्लाम एकेश्वरवादी धर्म है। मुसलमान विजेता के रूप में भारत आए थे और आठ सौ वर्षों तक देश पर शासन किया। इस अवधि के दौरान, वे यहीं बस गए, विवाह किए और यहां के कई रीति-रिवाजों को अपनाते हुए यहां के लोगों को अपने धर्म में बलपूर्वक भी शामिल किया। वे इस देश के लोगों के साथ कभी भी पूरी तरह से एक नहीं हुए। इस निरंतर अलगाव का कारण उनके धर्म में निहित था। इस्लाम के स्पष्ट सिद्धांतों को किसी भी अन्य पंथ के साथ समाहित नहीं किया जा सकता था। अंग्रेजों के शासन काल में भी दोनों लोगों के बीच बुनियादी अंतर गायब नहीं हुआ, बल्कि वह और भी मजबूत हो गया। मुसलमानों को शासक के रूप में अंग्रेजों की सर्वोच्चता और हिंदुओं की संख्यात्मक श्रेष्ठता, दोनों से ही खतरा महसूस हुआ और अपनी अलग पहचान बनाए रखने के लिए वे अपनी जीवन शैली और हर उस छोटी-छोटी बात पर अधिक दृढ़ता से अड़े रहने लगे, जो उनकी संस्कृति को हिंदुओं से अलग बनाती थी। ये मतभेद किसी बाहरी व्यक्ति को मामूली लग सकते हैं, लेकिन मुसलमानों के लिए अपने अलग अस्तित्व की रक्षा के प्रहरी की तरह थे। मुल्क के बंटवारे के बाद मामला दोस्ताना तरीके से सुलझ जाना चाहिए था, मगर वह नहीं हो सका। अरब में तेल से आई समृद्धि के पेट्रो डॉलर दुनिया भर में इस्लाम को कट्टर बनाने में ही खर्च हुए। भारत में भी अरबी इस्लाम पसर गया। इसने इस्लाम में सुधार की गुंजाइश के सारे दरवाजे बंद कर दिए।

जीवन में बहुत कम चीजें काली और सफेद होती हैं, अधिकांश मानवीय वास्तविकताएं कहीं बीच के जटिल व वैकल्पिक दो रंगों में होती है। लेकिन आज राजनीति काले और सफेद में सिमट कर रह गई है। या तो आप पक्ष में हैं या विपक्ष में। बीच में कुछ भी नहीं। भारतीय राजनीति में यदि कोई गुणावगुण के आधार पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए बीच का रास्ता अख्तियार करता हैं तो वह खतरे में होता हैं। राजनीति का यह दृष्टिकोण, भारतीय मीडिया प्रतिदिन अपनी रिपोर्टों से राजनीतिक विमर्श को दूषित करता है। यह लोकतंत्र को एक ऐसे खेल में बदल देता है, जहां एक पक्ष द्वारा किया गया हर काम दूसरे पक्ष को अपने आप बुरा और अस्वीकार्य होता है। इससे निष्पक्ष बहस की संभावना खत्म हो जाती है। हर किसी को एक स्टॉक कैरिकेचर में बदल दिया जाता है, जिसमें केवल पार्टी की संबद्धता महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र कोई कबड्डी का खेल नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया होती है, जिसमें विभिन्न हितों के बीच लेन-देन, संवाद और समझौते की अपेक्षा होती है। यहां सांप्रदायिक सद्भाव की जरूरत समझ में आती है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# राजस्थान की स्थापना एवं नामकरण का सच



राजपाल जाट

राजस्थान के निर्माण की प्रक्रिया 1 नवंबर 1956 को पूर्ण हुई थी। इसके संबंध में सातवें संविधान संशोधन के द्वारा 'राज प्रमुख' का पद समाप्त कर 'राज्यपाल' का पद बनाया गया, जिसके प्रथम राज्यपाल सरदार गुरुमुख निहाल सिंह बने थे। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के अधीन 1 नवंबर 1956 को 26 जिले बनाए गए थे। राजस्थान में 19 बड़ी रियासतें, तीन ठिकाने वाला नीमराणा और कुशलगढ़, धौलपुर, करौली, टोंक के अतिरिक्त ब्रिटिश शासन के अधीन अजमेर – मेरवाड़ा का भी विलय हो गया था। राजस्थान में विधानसभा का पहला चुनाव 1952 में हुआ था जिसका मतदान 4 से लेकर 24 जनवरी तक चला था। विधानसभा का गठन 28 फरवरी तथा उसकी पहली बैठक 29 मार्च 1952 को हुई थी। उस समय विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 160 थी। अजमेर – मेरवाडा की धारा सभा में 30 निर्वाचन क्षेत्र थे, यह क्षेत्र उस समय ब्रिटिश शासन का अंग होने से राजस्थान से पृथक था। प्रथम मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया का कार्यकाल 16 वर्ष 194 दिन रहा। विधानसभा के गठन के पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री का दायित्व हीरालाल शास्त्री, टीकाराम पालीवाल एवं जयनारायण व्यास ने संभाला था।

15 मई 1949 को मत्स्य संघ को वृहत राजस्थान में मिलाकर संयुक्त राजस्थान बनाया गया, जिसे 26 जनवरी 1950 को राजस्थान राज्य के रूप में परिवर्तित किया गया। मध्य प्रदेश की भानुपुरा तथा गुजरात की आबू तहसीलों को भी राजस्थान में सम्मिलित किया गया था। इस राज्य के बनने की प्रक्रिया 18 मार्च 1948 को आरंभ हुई थी जो सात चरणों में एकीकरण के द्वारा पूरी हुई। इस प्रदेश में भील एवं मीणा जाति आदिकाल से ही रहती थी। राजस्थान राज्य की औपचारिक घोषणा 14 जनवरी 1949 को सरदार वल्लभभाई पटेल के द्वारा की गई थी। उसके बाद 30 मार्च 1949 वर्ष प्रतिपदा के दिन 10:40 के शुभ मुहूर्त में स्थापना की गई थी। यह भी सुखद संयोग है कि इस बार 30 मार्च एवं वर्ष प्रतिपदा साथ-साथ है। इसके निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल एवं उनके सचिव बी पी मेनन की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया निम्न सात चरणों में पूरी हुई थी :–

**पहला चरण:** 18 मार्च, 1948 को अलवर, भरतपुर, धौलपुर, और करौली ने मिलकर 'मत्स्य संघ' बनाया।

**दूसरा चरण:** 25 मार्च, 1948 को कोटा, बूंदी, झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, किशनगढ़, टोंक, और मेवाड़ क्षेत्र वाले शाहपुरा ने मिलकर 'राजस्थान संघ' बनाया।

**तीसरा चरण:** 18 अप्रैल, 1948 को उदयपुर का 'राजस्थान संघ' में विलय हो गया।

**चौथा चरण:** 30 मार्च, 1949 को जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, और जैसलमेर को 'संयुक्त राजस्थान' में मिला दिया गया।

**पांचवां चरण:** 15 मई, 1949 को मत्स्य संघ का विलय 'वृहत् राजस्थान' में हो गया।

**छठा चरण:** 26 जनवरी, 1950 तक आबू और देलवाड़ा को छोड़कर 'संयुक्त राजस्थान' की 18 रियासतें और सिरोही रियासत का विलय हो गया।

**सातवां चरण:** 1 नवंबर, 1956 को 'राजस्थान' का एक राज्य के रूप में गठन पूर्ण हुआ।

राजस्थान की कालीबंगा सभ्यता, सिंधु घाटी सभ्यता का एक महत्वपूर्ण अंग रही, जिसका काल लगभग 3500 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व तक रहा, उसकी प्राचीन नियोजित बसावट थी। यहाँ विश्व का पहला जोता हुआ खेत मिला है। राज्य का नाम राजस्थान होने का श्रेय बिजौलियां किसान आंदोलन के नेतृत्वकर्ता विजय सिंह पथिक को जाता है। वे उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के निकट ग्राम गुठावली अख़्तारपुर में जन्मे थे, उनका नाम भूप सिंह भाटी था। वे स्वतन्त्रता सेनानी थे, राजस्थान उनकी कर्मभूमि रही। वे कवि एवं साहित्यकार थे, उनके द्वारा विभिन्न समयों पर रचित कविताओं का संग्रह 'पथिक विनोद' में उपलब्ध राजस्थान का राष्ट्रगीत:–

**अजित, ललित, हरित, स्त्रवित, द्रवित, शांतिकुंज।**
**प्रकृति प्रथित, सुमन ग्रथित, अमित गिरि, निकुंज।**
**गहन वनों से अभेद्य, सहज ही अथक, अक्लेद्य।**
**स्थर्य, धैर्य, वीर्य, शौर्य के विलास स्थान।**
**नमो राजस्थान।।**

जिसमें राजस्थान की महिमा का वर्णन करते हुए राजस्थान को 'नमो राजस्थान' कहकर नमन किया है। उन्होंने राजपूताना की छोटी-छोटी रियासतें (राज्यों) को मिलाकर एक प्रदेश बनाने का विचार प्रतिपादित किया था और उसी का नाम उन्होंने राजस्थान रखने का सुझाव व्यक्त किया था।

एक उल्लेख यह भी आता है कि कर्नल जेम्स टाड वर्ष 1817-18 में उदयपुर के पोलिटिकल एजेंट रहे थे। उन्होंने 5 वर्ष तक राजस्थान की जानकारी एकत्र की और वर्ष 1829 में 'एनल्स एंड एंटीक्विटीज़ ऑफ राजस्थान' नामक पुस्तक में राजस्थान शब्द का उल्लेख किया है।

इससे यह तो स्पष्ट है की राज्य के रूप में राजस्थान का नामकरण भूपसिंह भाटी से विजयसिंह पथिक बने क्रांतिकारी द्वारा ही किया गया था। उसके पूर्व वर्ष 1800 में जॉर्ज थॉमस ने 'राजपूताना' नाम दिया था। वर्तमान में राजस्थान 41 जिले है। भूगोलिक दृष्टि 2,32,239 वर्गकिलोमीटर क्षेत्रफल के साथ भारत का सबसे बड़ा राज्य है जिसमें मैदानी, पर्वतीय, झीलें एवं रेगिस्तानी भूभाग सम्मिलित है। छटी विधानसभा से वर्तमान में निर्वाचन क्षेत्रो की संख्या 200 है।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान महापंचायत**

# डॉ. मनमोहन सिंह क्या वाकई 1991 के आर्थिक सुधारों के जनक थे?



सुनील दत्त गोयल

1991 का आर्थिक संकट भारत के लिए एक बड़ा झटका था। इस संकट के लिए कई कारण जिम्मेदार थे, जिनमें पिछली सरकारो की गलत नीतियां, संरचनात्मक कमियां और बाहरी आघात शामिल थे। इस संकट की जड़ें 1970 और 1980 के दशक में वित्त मंत्रालय और उस समय के आर्थिक सलाहकारों की नीतियों में छिपी हुई थीं। इस दौरान उनकी भूमिका और वित्त मंत्रालय की नीतियों की विफलताओं पर चर्चा की जानी चाहिए। 1991 के आर्थिक सुधारों को लेकर डॉ. मनमोहन सिंह का महिमामंडन अक्सर किया जाता है, लेकिन यह आवश्यक है कि इस पर तथ्यात्मक और निष्पक्ष विश्लेषण किया जाए। 1970-80 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती रही। उस दौर में डॉ. मनमोहन सिंह विभिन्न उच्च पदों पर रहे, जिनमें मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर और योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल थे। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने आर्थिक नीतियों को प्रभावित किया, लेकिन उन नीतियों में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं दिखाई दिया। इसके विपरीत, भारत की आयात नीतियों और संरक्षणवादी रुख ने कई घरेलू उद्योगों को कमजोर कर दिया।

यह जानना दिलचस्प है कि आपातकाल से पहले भारत में आयकर की अधिकतम दर लगभग 22 प्रतिशत थी, जो 1973-74 में बढ़कर 97.5 प्रतिशत से भी अधिक हो गई थी। यह दर उस समय की वित्तीय नीतियों की असफलता को दर्शाती है, जिसमें डॉ. सिंह का योगदान रहा, क्योंकि वे उस समय आर्थिक नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका में थे। पाम ऑयल आयात की अनुमति जैसे निर्णयों ने भारतीय तेल उद्योग को भारी नुकसान पहुंचाया। इसी प्रकार, अनियंत्रित आयात नीतियों के कारण 1980 से 2010 के बीच भारत में कई लघु और मध्यम उद्योग बंद हो गए। यह दौर वही था, जब डॉ. सिंह नीति-निर्धारण का हिस्सा थे। ऐसे में यह सवाल उठता है कि अगर उन्होंने 1991 में आर्थिक सुधार किए, तो उनके दशकों पुराने गलत फैसलों के लिए जिम्मेदारी कौन लेगा?

1991 के सुधारों का श्रेय अक्सर डॉ. मनमोहन सिंह को दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यह प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का साहसिक नेतृत्व था, जिसने भारत को दिवालियेपन से बचाया। राव ने और विश्व बैंक की शर्तों को स्वीकार कर भारतीय परिस्थितियों के अनुसार आर्थिक नीतियों में बदलाव किया। डॉ. सिंह, जो वित्त मंत्री थे, बस इन नीतियों को लागू कर रहे थे।

वास्तविकता यह है कि डॉ. मनमोहन सिंह को कृत्रिम रूप से एक आर्थिक सुधारक का रूप दिया गया। उनके लिए एक पूर्व-नियोजित नैरेटिव गढ़ा गया, जिससे उन्हें भारत के आर्थिक सुधारों का 'जनक' बना दिया गया, जबकि सच्चाई यह है कि वे मुख्यत: घ्श्इ और विश्व बैंक के निर्देशों को लागू करने वाले एक प्रशासनिक अधिकारी थे। यदि उन्हें सुधारों का श्रेय दिया जाता है, तो उनके पूर्व की विफल नीतियों की जिम्मेदारी भी उन्हीं को लेनी चाहिए।

यह भी उल्लेखनीय है कि डॉ. मनमोहन सिंह कभी भी सिविल सेवा परीक्षा पास करके नौकरशाही में नहीं आए, बल्कि उन्हें लैटरल एंट्री के तहत सीधे उच्च पदों पर नियुक्त किया गया।

आने वाले लेख में, हम भारत में लैटरल एंट्री सिस्टम के तहत नियुक्त लोगों की सूची और उनके प्रदर्शन का विश्लेषण करेंगे, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इन नियुक्तियों ने देश की प्रगति में कितना योगदान दिया और कितनी बार ये निर्णय विदेशी दबावों और राजनीतिक स्वार्थ के कारण लिए गए। हालांकि, 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत ने व्यापक आर्थिक सुधारों की शुरुआत की, जिससे देश को एक नई दिशा मिली। उस समय वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे, जो राव के निर्देशानुसार सुधार नीतियों को लागू कर रहे थे।

1991 संकट की जड़ें: मनमोहन सिंह की पूर्ववर्ती नीतियाँ

1970-80 के दशक की गलतियाँ:

मनमोहन सिंह ने 1972-76 में मुख्य आर्थिक सलाहकार, 1982-85 में RBI गवर्नर और 1985-87 में योजना आयोग के प्रमुख के रूप में "कर-सब्सिडी आधारित अर्थव्यवस्था" को बनाए रखा।

उनकी नीतियों ने विदेशी मुद्रा भंडार को 1991 तक 1.2 अरब डॉलर तक गिरा दिया, जो मात्र 3 सप्ताह के आयात के लिए पर्याप्त था।

1980 के दशक में राजीव गांधी सरकार द्वारा विदेशी कर्ज़ पर अत्यधिक निर्भरता (GDP का 8% राजकोषीय घाटा) को रोकने में विफल रहे।

लैटरल एंट्री का विवादास्पद मॉडल:

सिंह को 1976 में बिना सिविल सेवा परीक्षा के सीधे वित्त सचिव नियुक्त किया गया।

इस पद्धति ने "अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रभाव" को बढ़ावा दिया, जिससे 1991 संकट की पृष्ठभूमि तैयार हुई।

पी.वी. नरसिम्हा राव: संकट प्रबंधन के वास्तुकार

रणनीतिक निर्णयों की श्रृंखला:

राजनीतिक साहस:---अल्पमत सरकार होते हुए भी /विश्व बैंक के दबाव को राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ा।

46 टन सोना गिरवी रखकर 60 करोड़ डॉलर जुटाए और रुपये का 17.38% अवमूल्यन किया।

नीतिगत क्रांति:------नई औद्योगिक नीति 1991 के माध्यम से 80% उद्योगों से लाइसेंस राज समाप्त किया।

FDI सीमा 51 प्रतिशत तक बढ़ाकर "वैश्वीकरण का मार्ग" प्रशस्त किया।

टीम प्रबंधन:---मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाकर "क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी" सौंपी, परंतु बजट का पुनर्लेखन स्वयं करवाया।

50 कांग्रेस सांसदों के विरोध के बावजूद सुधारों को राजनीतिक संरक्षण प्रदान किया।

लैटरल एंट्री: एक विफल प्रयोग

1976 की नियुक्ति का प्रभाव: सिंह के 'अकादमिक दृष्टिकोण' ने नौकरशाही को व्यावहारिक नीति निर्माण से दूर किया।

1991 संकट में भूमिका: 1980 के दशक में RBI गवर्नर के रूप में विदेशी कर्ज़ प्रबंधन में विफलता ने संकट को गहराया।

निष्कर्ष:-----1991 के आर्थिक सुधारों की सफलता का मूल आधार पी.वी. नरसिम्हा राव का रणनीतिक और राजनीतिक नेतृत्व था, जबकि मनमोहन सिंह की लैटरल एंट्री के माध्यम से नौकरशाही में शामिल होकर दीर्घकालिक नीति निर्माण में भागीदारी ने 1970-80 के दशक में आर्थिक संकट की बुनियाद रख दी थी। राव ने न केवल देश को दिवालियेपन के कगार से बचाया, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की साख को स्थापित किया। यह ऐतिहासिक सत्य है कि राव के नेतृत्व और साहसिक निर्णयों के बिना, मनमोहन सिंह की तकनीकी कुशलता व्यर्थ होती।

1991 के आर्थिक सुधारों में दोनों की भूमिकाएं स्पष्ट रूप से अलग थीं। नीति निर्माण के स्तर पर राव ने घ्श्इ और विश्व बैंक के सुझावों को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ढालकर साहसिक निर्णय लिए, जबकि सिंह की भूमिका मुख्यत: तकनीकी क्रियान्वयन तक सीमित थी। राजनीतिक जोखिम उठाने में भी राव अग्रणी थे-उन्होंने संसदीय विरोध और आलोचनाओं का सामना करते हुए सुधारों को आगे बढ़ाया, जबकि सिंह विवादों से बचते हुए केवल वित्तीय नीतियों को लागू करने पर केंद्रित रहे।

दीर्घकालिक प्रभाव के रूप में, राव के नेतृत्व में भारत की GDP वृद्धि दर 5.6% से बढ़कर 7.5% हो गई, जबकि मनमोहन सिंह के वित्तीय प्रशासन के दौरान (1970-80 के दशक में) औसत वृद्धि दर मात्र 3.5%थी। 1991 में राव सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया गया, कृषि सुधारों पर ध्यान दिया गया और लाइसेंस राज को समाप्त कर भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया गया। इस प्रकार, 1991 के आर्थिक संकट का समाधान और सुधारों की सफलता का श्रेय मुख्य रूप से प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव के राजनीतिक साहस, निर्णायक नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों को जाता है।

**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर, राजस्थान**

# वाइस प्रिंसिपल की पोस्ट खत्म होने से शिक्षा विभाग ने नया रास्ता निकाला

- **राज्य के सभी सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीनियर लेक्चरर के पद होंगे**
- **स्कूल में अब सीनियर लेक्चरर का पद, वाइस प्रिंसिपल का पद खत्म, इन पदों को प्रमोशन से भरा जाएगा**

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वाइस प्रिंसिपल का पद खत्म होने के साथ ही अब सीनियर लेक्चरर का पद बनाया जा रहा है। लेक्चरर को प्रमोशन वाइस प्रिंसिपल या प्रिंसिपल पोस्ट पर मिलता था। वाइस प्रिंसिपल की पोस्ट खत्म होने से शिक्षा विभाग ने नया रास्ता निकाला है। राज्य के सभी सीनियर सैकंडरी स्कूल में सीनियर लेक्चरर के पद होंगे। इन पदों को प्रमोशन से भरा जाएगा।


शिक्षा विभाग ने राजस्थान शिक्षा सेवा नियमों में संशोधन की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए शिक्षा ग्रुप एक ने निदेशालय से प्रस्ताव मांग लिए हैं। अब निदेशालय सीनियर लेक्चरर के पद की योग्यता और कार्य विभाजन को लेकर प्रस्ताव तैयार करेगा। इन प्रस्तावों को शिक्षा ग्रुप से स्वीकृति मिलने के बाद पद आवंटन का काम होगा। इसके बाद ही लेक्चरर को सीनियर लेक्चरर के रूप में पदोन्नत कर दिया जाएगा।

पद भले ही नया सृजित किया जा रहा है लेकिन वेतन निर्धारण पहले की तरह होगा। सीनियर लेक्चरर को एल 14 नियमों के तहत वेतन निर्धारित किया जाएगा। इन सीनियर लेक्चरर को स्कूल में प्रिंसिपल के बाद सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। अगर किसी स्कूल में प्रिंसिपल का पद रिक्त होगा तो उसकी जगह सीनियर लेक्चरर को ही जिम्मेदारी दी जाएगी। ऐसे में सीनियर लेक्चरर का काम वही होगा जो पहले वाइस प्रिंसिपल का था। सिर्फ पद नाम बदलकर लेक्चरर के प्रमोशन की तैयारी की जा रही है।

## खेल अकादमियों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**झुंझुनूं,** (निसं)। भजनलाल सरकार खिलाड़ियों के लिए नए दरवाजे खोल रही है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने झुंझुनूं की वॉलीबॉल अकादमी समेत प्रदेश में संचालित 22 खेल अकादमियों में खिलाड़ियों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिनके ट्रायल सात अप्रेल से एसएमएस स्टेडियम जयपुर में होंगे। इन अकादमियों में ट्रायल के आधार पर खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिन खिलाड़ियों को इन अकादमियों में प्रवेश मिलेगा, उनके 20 साल की आयु तक सरकार उन्हें ना केवल बेहतरीन प्रशिक्षण उपलब्ध करवाएगी, बल्कि उनके रहने, खाने, खेलने के अलावा पढाई तक का खर्चा सरकार उठाएगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 2 अपैल, 2025**


चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, कृत्तिका नक्षत्र प्रात: 8:50 तक, आयुष्मान योग रात्रि 2:50 तक, बव करण दिन 1:11 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-वृष, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सवार्थ सिद्धि योग सम्पूर्ण दिन-रात है। रवियोग प्रात: 8:50 तक है। कुमार योग प्रात: 8:50 से सूर्योदय तक है। आज मंगल कर्क राशि में रात्रि 1:27 से प्रवेश करेगा। आज श्री पंचमी, लक्ष्मी पंचमी, कल्पादि, रोहिणी व्रत (जैन) है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:26 तक, शुभ 10:58 से 12:11 तक, चर 3:35 से 5:04 तक, लाभ 5:08 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:21, सूर्यास्त 6:40



### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।



### वृष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।




### कर्क

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।




### सिंह

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




### वृश्चिक

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### धनु

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मकर

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# बाहुबली बालाजी के साथ वानर सेना की झांकी ने मन मोहा

> ■ हरे रंग के वस्त्राभूषणों में सजसंवरकर नगर भ्रमण पर निकले ईशर-गणगौर

**राजसमन्द, (निसं)।** नगर परिषद राजसमंद की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव के तहत तीसरे दिन मंगलवार को हरी गणगौर के उत्सव में परंपरागत रूप से पूरे ठाठ-बाट से जब सवारी निकली तो पूरा मार्ग हरे रंग की आभा में ही समा गया।

परंपरागत रूप से शाम करीब पांच बजे बाद पुष्टि मार्ग की तृतीय पीठ प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण से सवारी रवाना हुई। इसमें हरी गणगौर का उत्सव होने से ईशरजी और गणगौर माता तो हरे रंग के वस्त्र धारण करवाए गए और शृंगार में भी हरे रंग को ही प्रमुखता दी गई। वहीं, प्रभु श्री द्वारकाधीश जी की छवि भी हरे रंग की आभा में ही समाहित थी। सवारी मंदिर के गोवर्धन चौक से पूंछरी के लोटा की हूक बोल मेरे प्यारे...., गिरिराज धरण की जय आदि के गगनभेदी जयघोषों के साथ धीरे-धीरे आगे बढने लगी। ठाकुरजी के मंदिर से लेकर सवारी के पूरे मार्ग में केवल हरे रंग की ही आभा बिखर रही थी। इसमें परंपरागत वाद्ययंत्र तुरही, बांकिया व नगाडे आदि को भी हरे रंग के साथ सजाया गया तो वादन करने वाले कलाकार भी हरे रंग के वस्त्रों में ही दिखाई दिए। इसके साथ ही शहर एवं बाहर से आए बैंड-बाजों की चार टोलियां व प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर का बैण्ड भी भजनों के साथ ही राजस्थानी लोक संस्कृति के सुरों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। इनकी भजनों व गीतों की धुनों पर आज हरे वस्त्रा-भूषणों में ही सजकर आई सेवरे लेने वाली बालिकाएं पूरे मार्ग में भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थीं। ऐसे में पूरा शहर ही गणगौर के उत्सव में डूबा नजर आया। सवारी में मंदिर से निशान लिए घुडसवार, फौज पलटन आदि भी हरे रंग में सजी हुई थी। वहीं, कच्छी घोडी कलाकारों के ग्रुप सवारी में नृत्य के साथ ही करतब दिखाते हुए आगे बढ रहे थे। सवारी में शामिल हनुमानजी का स्वरूप धरने वाले कलाकार ने भी लोगों को खूब आकर्षित किया। इसके साथ ही राज्य एवं देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोक कलाकारों ने भी श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। जालोर से आई ढोल पार्टी ने आज भी हरे रंग की आभा में सजे श्रद्धालुओं को अपने विशेष अंदाज में बजाए गए ढोल पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं, भूतों की शिव बारात में शामिल कलाकारों ने अपनी विशेष प्रस्तुतियों से लोगों को खासा आकर्षित किया। हरी गणगौर के उत्सव का उल्लास इतना था कि गणगौर की सवारी देखने आए पुरुष हरे रंग के कपडों में तो महिलाएं और युवतियां आदि भी हरे रंग की साडी एंव सूट में सजकर आई। साथ ही हरे रंग की पगडी और हरी ही ईकलाई भी हरी गणगौर की सवारी की शोभा बढा रही थी। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में जगह-जगह पर सवारी पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया।

हरी गणगौर की सवारी में बाहुबली बालाजी के साथ वानर सेना की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। इसके साथ ही भगवान श्री विष्णु और माता लक्ष्मीजी, मां कालिका और उनका दरबार, युगल स्वरूप श्री राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती एवं अयोध्या नरेश प्रभु राम दरबार की झांकी से सवारी के पूरे मार्ग का वातावण भक्तिमय हो गया। इस दौरान जैसे ही कोई भी झांकी सामने आती तो श्रद्धालु उसके अनुसार ही जयकारे लगाते हुए पुष्पवर्षा से स्वागत कर रहे थे। सवारी के दौरान नगर परिषद सभापति अशोक टांक, उप सभापति चुन्नीलाल पंचोली, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, आयुक्त ब्रजेश रॉय, पार्षद हेमन्त रजक, दीपक कुमार जैन, तरूणा कुमावत, राजकुमारी पालीवाल, दीपिका कुमावत, हिमानी नंदवाना, पुष्पा पोरवाड, शालिनी कच्छावा, अर्जुन मेवाडा, हेमन्त गुर्जर, भुरालाल कुमावत, दीपक शर्मा, मांगीलाल टांक, प्रमोद रैगर, कमलेश पहाडिया, बंशीलाल कुमावत, नारायण गाडरी, हिम्मत कीर, नरेन्द्र पालीवाल, चम्पालाल माली, रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा, किशन गाडरी आदि के साथ कई पार्षद एवं बडी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं नगरवासी भी हरे रंग की आभा में ही सजकर साथ चल रहे थे।

गणगौर महोत्सव में बुधवार को परंपरागत रूप से गुलाबी गणगौर की सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। इसमें दक्षिण भारत की झांकियां और दिल्ली के कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इसके बाद रात को सांस्कृतिक मंच पर अखिल भारती कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें जगदीश सोलंकी कोटा, प्रवीण शुक्ला नई दिल्ली, संजय झाला जयपुर, कविता तिवारी नोएडा, संदीप शर्मा धार, शंभू शिखर मधुबनी, पद्मिनी शर्मा नई दिल्ली, मनोज गुर्जर मावली, कानू पंडित नाथद्वारा एवं राजसमंद के सुनील व्यास रचना पाठ करेंगे।

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर।** राज्य में विभिन्न जिलों से जंगल-जमीन-जन आंदोलन के प्रतिनिधियों ने वन अधिकार कानून की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री के नाम संभागीय आयुक्त एवं जनजाति आयुक्त जरिए ज्ञापन दिया। सिरोही, उदयपुर, पाली,डूंगरपुर के प्रतिनिधि मण्डल में डूंगरपुर के मोहनलाल रोत एवं मधुलिका शामिल थे ।

उन्होंने कहा कि वन अधिकार कानून बहुत सालों के संघर्ष से बना है। वन में निवास करने वाले आदिवासी एवं अन्य परिवारों को भूमि पर अधिकारो को मान्यता देता है, पर इस कानून को खारिज करने के लिए कुछ लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में 2008 में याचिका दायर की। तब से चल रही याचिका वर्ल्ड लाइफ एवं अन्य बनाम पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,भारत सरकार और अन्य की अगली सुनवाई 2 अप्रैल 2025 को शुरू होने जा रही है। पिछली बार, 2019 में जब इस केस की सुनवाई हुई थी, 17 लाख से भी अधिक आदिवासी परिवारों को संभावित बेदखली का सामना करना पडा था। देश भर में विरोध के बादए जनजाति मंत्रालयए भारत सरकार ने वन अधिकार दावों को गलत तरीकों से खारिज करने और प्रक्रियाओं में विसंगतियों को उजागर करते हुए कोर्ट में हस्तक्षेप किया। जिस कारण सुप्रीम कोर्ट ने अगले पेशी तक बेदखली के आदेश पर रोक लगा दी और सभी राज्यों को निरस्त दावों की पुन: निरीक्षण के लिए निर्देश दिया।

## डॉ. लक्ष्यराज मेवाड के गद्दी उत्सव की परंपरा आज

**उदयपुर ।** मेवाड पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड के गद्दी उत्सव की परंपरा बुधवार को निभाई जाएगी। उनके पिता अरविंद सिंह मेवाड के निधन के बाद यह परंपरा कराई जा रही है।

उदयपुर के सिटी पैलेस से सोमवार देर रात इस संबंध में सूचना जारी की गई। जिसमें बताया गया कि बुधवार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.30बजे तक गद्दी उत्सव की परंपरा निभाई जाएगी। यह कार्यक्रम सिटी पैलेस प्रांगण में होगा।इसके बाद दोपहर 3 बजे अश्वपूजन की परंपरा होगी। लक्ष्यराज पूर्व राजपरिवार की प्राचीन परंपरानुसार शाम 4.20बजे कैलाशपुरी स्थित श्री एकलिंगनाथजी के दर्शन करने भी पहुंचेंगे। इसके बाद शाम 7 बजे हाथीपोल द्वार का पूजन किया जाएगा। रात 8.15 बजे भाईपा और सरदारों के रंगपलटाई दस्तूर की परंपरा निभाई जाएगी। इसके बाद लक्ष्यराज रात 9 बजे जगदीश मंदिर में दर्शन को जाएंगे। बतादे कि मेवाड राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड का निधन 16 मार्च को हुआ था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। सिटी पैलेस में ही उनका उपचार और देखरेख हो रही थी। अरविंद सिंह मेवाड के बडे भाई महेन्द्र सिंह मेवाड का निधन 10 नवंबर 2024 को हुआ था। जिसके बाद उनके बेटे और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड की राजतिलक रस्म निभाई गई थी।

## सार-समाचार

### निगम ने यूडीटैक्स का लक्ष्य पूरा किया

**उदयपुर।** नगर निगम उदयपुर ने बकाया नगरीय विकास कर यानी यूडी टैक्स वसूली को लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में जो लक्ष्य तय किया था, वह लक्ष्य पूरा हो गया है। नगर निगम उदयपुर ने वित्तीय वर्ष में 18 करोड रूपए नगरीय विकास कर वसूली का लक्ष्य रखा था। उसके मुकाबले निगम ने 18 करोड 68 लाख रूपए की वसूली कर लक्ष्य वसूली की सीमा भी पार कर ली। उदयपुर में कई बडे बकायादारों की यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने की मानसिकता को देखते हुए निगम का बहुत कठिन था। यह काम सिर्फ और सिर्फ निगम आयुक्त राम प्रकाश की सख्ती और इच्छा शक्ति के साथ ही निगम प्रशासक के रूप में जिला कलेक्टर नमित मेहता के मोरल सपोर्ट के चलते संभव हो पाया है। निगम आयुक्त राम प्रकाश ऐसे सख्त रहे कि शहर में बिल्डिंग सीज की कारवाई न किसी के फोन से रूकी न किसी राजनैतिक दबाव का जोर चला। अवकाश के दिनों में भी सीज की कारवाई जारी रही। तब जाकर बकाया नगरीय विकास कर वसूली को लेकर वो काम संभव हो गया जिस तरफ पिछले पांच साल में निगम बोर्ड की कमान संभालने वाले राजनेताओं ने कभी भी ध्यान तक नहीं दिया। नगर निगम बोर्ड का कार्यकाल खत्म होते ही बोर्ड में शामिल राजनेताओं का सीधा हस्तक्षेप खत्म हो गया। इसके बाद जब तमाम शक्तियां प्रशासक के रूप में जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त के पास आयी तो समीकरण ही बदल गए।

### ई-फाइलिंग के उपयोग के निर्देश

**राजसमन्द।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार ई-फाईलिंग प्रणाली का अनिवार्य उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे ऑफलाइन फाइलिंग की बजाय केवल ई-फाइलिंग प्रणाली को अपनाएं, जिससे कार्यों में गति आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कलक्टर ने बताया कि यह कदम सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप देने और पेपरलेस कार्य प्रणाली को बढावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभाव से ई-फाइलिंग प्रणाली को अपनाएं और इसकी नियमित समीक्षा करें। कोई फाइल ऑफलाइन स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से ई-फाइलिंग प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं। सभी विभागों को निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया हैं।

### 9194 करोड की राजस्व प्राप्ति

**उदयपुर।** खनिज एवं भूविज्ञान निदेशालय ने अपने इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग ने 9194 करोड से अधिक का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की 7460 करोड की प्राप्ति की तुलना में 23.25 प्रति की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। खान विभाग के निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि यह उपलब्धि विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो कुशल प्रबंधन, पारदर्शी नीतियों और खनन क्षेत्र में सुधारों का परिणाम है। निदेशक दीपक तंवर न बताया कि इस सफलता का श्रेय बेहतर नियामक प्रणाली, डिजिटल नवाचारों और खनन गतिविधियों में बढती दक्षता को दिया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ राजस्थान खनन क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ रहा है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### ईद मिलन काव्य गोष्ठी

**उदयपुर।** शाद फाउंडेशन द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन एलीट हाउसए भुवाणा में किया गया, जिसमें साहित्य और शायरी की महफिल सजी। इस अवसर पर शहर के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों और शायरों ने अपनी रचनाओं से समां बाँध दिया। संस्था के संस्थापक अकबर खान ने बताया कि विभिन्न कवियों और शायरों ने भाग लिया । उनकी बेहतरीन प्रस्तुतियों ने ईद मिलन के अवसर को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध शायर शाद उदयपुरी ने अपने इस खूबसूरत शेर से की ईद आई तो राहें सँवरने लगी,रौशनी हर तरफ अब बिखरने लगी । इसके बाद महफिल में मौजूद सभी कलमकारों ने एक से बढकर एक शेर,गजल और कविताएँ पेश की। काव्य संध्या में प्रमुख रूप से डॉ.मधु अग्रवाल,नितिन मेहता,चंद्रेश खत्री, डॉ.राज गोपाल राज,डॉ.चंद्रकांता बंसल, डिप्टी एसपी चेतना भाटी सहित कई अन्य साहित्यकारों और शायरों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

### डांस फेस्टिवल 27 को

**उदयपुर।** उदयपुर में 27 अप्रैल को होने वाले तीसरे उदयपुर डांस फेस्टिवल की तैयारियां जोरों से चल रही है । इसको लेकर डांस कोरियोग्राफर वर्कशॉप ले रहे हैं । इसी के चलते शोभागपुरा रोड स्थित मधुश्री बैंक्विट हॉल में विनोद शर्मा और अभिषेक पालीवाल ने लिरिकल डांस की वर्कशॉप ली। बच्चो को लिरिकल डांस की जानकारी दी गानों पर डांस सिखाया। संयोजिका चंद्रकला चौधरी ने बताया कि 6 अप्रैल को अरविंद सिंह हिप-हॉप डांस, 13 अप्रैल को आकाश वैष्णव पॉप एनिमेशन डांस ओर 20 अप्रैल को राजीव बामना अर्बन पंजाबी डांस वर्कशॉप लेंगें।

### शुद्ध सेवक प्रभु करेंगे राम कथा

**उदयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन कोवे मोहनपुरा चिरवा की ओर से 4 से 6 अप्रैल तक तीन दिवसीय श्री राम कथा परमानन्द गार्डन,सौ फिट रोड सौभाग पुरा मे होगी। निर्माणाधीन गन्धर्विका गोवर्धनधारी मन्दिर के प्रोजेक्ट डाइरेक्टर मदन गोविंद प्रभु ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर 4 और 5 अप्रैल को सायं6.30से 8.30 तक जबकि 6 अप्रैल को प्रात:9.30 से 11.30 तक श्री राम कथा मे धर्म भक्ति प्रेम भाईचारा तथा सत्य पर आधारित सारगर्भित प्रवचन देने के लिए मुम्बई से शुद्ध सेवक पधार रहे है।

# जल संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : माहेश्वरी

**राजसमन्द, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत के दौरे पर रही। इस अवसर पर आमजन से रूबरू होकर कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम जल को सुरक्षित एवं संरक्षित करने में अपना अहम योगदान दें। माहेश्वरी ने राजसमंद वासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का संकल्प लेने का आवाहन किया। प्रदेश में ग्रीष्म काल को देखते हुए आमजन से पशुओं एवं पक्षियों के लिए पर्याप्त जल की व्यवस्था करने का आग्रह किया। सरकार प्रदेश को पानी के क्षेत्र में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे आने वाली पीढियों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें एक सुव्यवस्थित रोड मैप की आवश्यकता है। जिसमें कृषि तथा जल प्रबंधन और तकनीकी नवाचार जैसे प्रमुख पहलुओं का समावेश हो।

दीप्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन के रूप में एक भगीरथी प्रयास किया है। इसका लाभ आज राजस्थान के करोडों लोगों को मिल रहा है। राज्य सरकार शेष परिवारों को नल कनेक्शन देने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। हमें जल संरक्षण के उपायों को अपनाकर जल आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। जिसके लिए सरकार की ओर से एक वर्ष के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए तथा उन्हें पूर्ण करने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। ऽ

राजस्थान राज्य के विकास में पानी का विशेष महत्व है, प्रदेश की 8 करोड जनता को पर्याप्त मात्रा में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार जुटी हुई है। इसके लिए सरकार की ओर से जल स्त्रोतों का विकास कर उनकी जल संग्रहण क्षमता बढाने सहित कई कदम उठाए हैं। केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर जन भागीदारी से जल संचय का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत प्रदेश के 40 हजार गांवों में जल संचय के काम किए जा रहे हैं। गांवों में उपलब्ध पेयजल के पारंपरिक स्त्रोतों कुएं, तालाब, बावडी, नदी आदि के संरक्षण के लिए सहभागिता से काम करना चाहिए, ताकि हम इस पीढी और आने वाली पीढी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा सकें। माहेश्वरी ने कहा कि भजनलाल सरकार द्वारा प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। उदयपुर में देवास योजना के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही माही बांध से बांसवाडा.डूंगरपुर को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने की योजना प्रारंभ की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में होगा 'नवकार महामंत्र दिवस'

**उदयपुर, (कासं)।** 9 अप्रैल का दिन हम सभी के लिए गर्व, आनंद और असीम उत्साह का प्रतीक है। हमें अत्यंत हर्ष के साथ यह ऐतिहासिक घोषणा करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'नवकार महामंत्र दिवस' में अपनी भौतिक उपस्थिति की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है।

जीतो एपेक्स के सचिव सीए महावीर चपलोत ने बताया कि 73 चैप्टर और 108 देशों में एक साथ गूंजेगा नवकार महामंत्र। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक वैश्विक आध्यात्मिक महायज्ञ है, जिसमें जीतो के 73 चैप्टर और 108 देशों के श्रद्धालु एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। यह दिव्य आयोजन पूरी दुनिया में शांति, अहिंसा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेगा, जिंससे संपूर्ण मानवता को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस शुभ आयोजन में उपस्थिति हमारे समाज और धर्म के लिए एक अतुलनीय सम्मान है।

यह प्रमाणित करता है कि जैन धर्म की शिक्षाएँ, इसकी अहिंसक विचारधारा और आत्म-शुद्धि की परंपराएँ न केवल अतीत में बल्कि वर्तमान और भविष्य में भी विश्व के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। यह आयोजन भारत की राजधानी दिल्ली में भव्य रूप से आयोजित होगा, लेकिन इसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई देगी। यह हम सभी के लिए एक अनमोल अवसर है कि हम अपनी आध्यात्मिक विरासत को न केवल संरक्षित करें। अब समय आ गया है कि हम सभी इस आयोजन को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

## 76 हजार जनजाति किसानों को 18 करोड़ की राशि मिली

**उदयपुर (कासं)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के 10 लाख 40 हजार 966 किसानों को 244 लाख 85 हजार रुपए की धनराशि आबंटित की गई। विशेष रूप से उदयपुर जिले में इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के 76 हजार 165 किसान लाभान्वित हुए जिन्हें 18 करोड रुपए की धनराशि जारी की गई।

सांसद मन्नालाल रावत द्वारा लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न पर कृषि और किर्समैन कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर की ओर से जानकारी दी गई। सांसद रावत ने विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित अनुसूचित जनजाति के किसानों के बारे में जानकारी मांगी थी।

# रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**डूंगरपुर।** रामनवमी पर इस बार भव्य शोभायात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीरामोत्सव आयोजन समिति की ओर से शहर को भगवा रंग की झंडियों के साथ ही रंग बिरंगी फर्रियों से सजाया जा रहा है। शहर की 3.5 किमी लंबी सडकों पर रंग बिरंगी रंगोलियां सजाई जाएंगी। बादल महल से भव्य शोभायात्रा में घोडे, बग्गियों के साथ ही जीवंत झांकियां भी शामिल होंगी।

श्रीरामोत्सव आयोजन समिति के सचिव भूपेंद्र पालीवाल ने बताया कि इस बार श्रीरामनवमी के पर्व को भव्य बनाने की पूरी योजना है। आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है। शहर में जिस रूट से शोभायात्रा निकलेगी उस मार्ग को 5 हजार से ज्यादा भगवान झंडियों से सजाया जा रहा है। शहर में कई जगहों पर भगवा रंग की तोरण सजाई जा रही है। उसी रुट की सडकों पर 3.5 किमी लंबी रंगोली बनाई जाएगी। रंगोली बनाने के लिए 1000 लीटर कलर यूज होगा। शहर की महिलाएं, युवा ओर बच्चे रंगोली बनाने में जुटेंगे। भूपेंद्र पालीवाल ने बताया कि गेपसागर की पाल पर कुटिया के साथ ही भगवान श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण,भरत ओर भगवान हनुमान की जीवंत झांकियां सजाई जाएंगी। शोभायात्रा बादल महल से रवाना होगी, जिसमें 31 घोडे, 21 बग्गियां शामिल होंगी। शहर में अलग अलग-जगहों पर 100 से ज्यादा स्वागत गेट लगेंगे। वही 50 से ज्यादा डीजे और बैंड शामिल होंगे।

भूपेंद्र पालीवाल ने शहर के साथ ही गांवों से भी अधिक से अधिक लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। गांवों से लोग शोभायात्रा के रूप में पहुंचेंगे। शोभायात्रा के बाद गेपसागर की पाल पर महाआरती ओर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। वहीं, बादल महल पर महाप्रसाद का आयोजन होगा।

## गणगोरी तीज पर सुगम संगीत व सम्मान समारोह सम्पन्न

> ■ भजन गायक सुभाष रावत ने सरस्वती वंदना 'तुम आशा विश्वास हमारे' प्रस्तुत किया

**डूंगरपुर।** संस्कार भारती डूंगरपुर इकाई द्वारा विभिन्न त्यौहार एवं भारतीय संस्कृति रीति-रिवाज के अंतर्गत गणगोरी तीज के उपलक्ष में सुगम संगीत का आयोजन शिवाजी नगर के रामदेव भवन में हुआ, जिसमें अलवर के भजन गायक सुभाष रावत ने सरस्वती वंदना तुम आशा विश्वास हमारे राग यमन कल्याण पर आधारित प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सुश्री उन्नति जोशी द्वारा राग मियां की मल्हार पर आधारित भजन बाजे रे मुरलिया बाजे रे प्रस्तुति से श्रोतागण भाव विभोर हो गए, रूपेश शाह द्वारा भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन प्रस्तुत किया। जीसमें तबले पर ओम प्रकाश जेठवा ने विभिन्न शास्त्री तालों की हरकत से श्रोतागण मंत्र मुक्त हो गए। सुश्री उन्नति जोशी का संस्कार भारती द्वारा अभिनंदन पत्र से सम्मान किया गया। इसी क्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर गिरीश पानेरी का शॉल ओढा कर सम्मान किया गया तथा भारत विकास परिषद प्रांत द्वारा सर्वश्रेष्ठ कला साधक ओमप्रकाश जेठवा, श्रीमती सुमन जेठवा, डॉ. चंद्र प्रकाश पवांर भूपेश शर्मा, श्रीमती कृति शाह,श्रीमती सूर्या वैष्णव, सुभाष रावत, रूपेश शाह, श्रीमती अभिलाषा गुप्ता शाह, धरणीधर जोशी का गिरीश पानेरी द्वारा उर्पणा ओढाकर वरिष्ठ सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया।

## गाजे बाजे के साथ निकली सवारी

**कपासन ।** कपासन में गणगौर महोत्सव की दुसरे दिन पार्षद सहित महिलाओं ने राजस्थानी सहित आदि गानों पर श्यामा मुखर्जी पार्क में जमकर डांस किया ।

नगरपालिका कपासन द्वारा आयोजित गणगौर महोत्सव के अन्तर्गत दूसरे दिन पार्क में इस अवसर पर श्री कल्याण राय जी मंदिर चौक से गणगौर कौ सवारी गाजे-बाजे के । सवारी पिपली बाजार, लोडकीया चौक और पुराना बस स्टैंड होते हुए पांच बत्ती चौराहे तक पहुंची। रास्ते में अन्य स्थानों से आई गणगौर की सवारियां भी इसमें शामिल हो गईं। अंत में सवारी श्यामा मुखर्जी पब्लिक पार्क में पहुंची। जहां पर पार्षद सहित महिलाओं ने जमकर डीजे साउण्ड पर राजस्थानी सहित गानों पर जमकर डांस किया। साथ ही कन्याओं और महिलाओं ने सज धजकर ईसर-गणगौर की पूजा-अर्चना की।

## रजत जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह संपन्न

**राजसमन्द, (निसं)।** राष्ट्रीय लोक अधिकार मंच के 25वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह का आयोजन अणुव्रत विश्व भारती ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। समारोह का श्री गणेश रविनंदन सिंह चारण ने गणपति मंगल गान से किया।

रजत जयंती वर्ष "संवैधानिक नागरिक कर्तव्य एवं मौलिक लोक अधिकार वर्ष 2025-26" उद्घाटन समारोह के मुख्य उद्घाटनकर्ता पूर्व न्यायाधीश एवं पूर्व विधि सचिव डॉ बसंतीलाल बाबेल, मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुनील ओझा, राजस्थान बार काउंसिल के को चेयरमैन एडवोकेट राव रतनसिंह, मध्य प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष नरेश पालीवाल, गुजरात राज्य संयोजक डॉ शिल्पा राजपूत, राजस्थान प्रांतीय अध्यक्ष रामचंद्र पालीवाल, राजस्थान राज्य पंचायत परिषद् के छैल बिहारी, ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित, आयुर्वेद विभाग के पूर्व उप निदेशक कमलाकांत कमल थे। जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सम्पत लाल लड्ढा ने की। जिला महासचिव कपिल पालीवाल ने बताया कि समारोह में जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल त्रिपाठी ने रोचक काव्य पाठ से स्वागत उद्बोधन दिया और अतिथियों का परिचय सभा को करवाया। अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सम्पत लाल लड्ढा ने आगाह किया कि लोक अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं को पूर्णतया ईमानदारी से जनसेवा करनी चाहिए तथा अपनी स्वच्छ छवि को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। क्योंकि यहीं लोक अधिकार मंच की जान है और इसी वजह से मंच की प्रतिष्ठा प्रशासन और समाज में व्याप्त होकर लोक प्रिय हुई है। जिसकी गरिमा बनाए रखना समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का सर्वोच्च कर्तव्य है। लड्ढा ने कहा कि मंच किसी के निजी कार्यों के लिए नहीं बल्कि सार्वजनिक हितों के लिए बना है। सभा को मध्य प्रदेश अध्यक्ष नरेश पालीवाल, महिला प्रदेशाध्यक्ष डॉ रचना तैलंग, संभागीय अध्यक्ष राकेश कोठारी, महिला संभाग अध्यक्ष बसन्ती वैष्णव, मंच के संस्थापक सदस्य डॉ वीरेन्द्र महात्मा, महिला जिलाध्यक्ष सुमन कोठारी, उदयपुर नगर उदयपुर जिलाध्यक्ष एडवोकेट जगदीश चंद्र टांक, अध्यक्ष एडवोकेट अशोक सोनी आदि ने संबोधित किया।

# अब उदयपुर भी स्वच्छता में अपनी पहचान बनाएगा : मनोज गर्ग

> ■ 'गुप्ता को जहां कहीं भी कार्य करने का मौका मिलेगा, उस क्षेत्र को स्वच्छता अभियान में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं'
>
> ■ अग्रवाल समाज जिला उदयपुर द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**उदयपुर,(कासं)।** अग्रवाल समाज जिला उदयपुर द्वारा स्थानीय अग्रवाल भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उच्च न्यायालय जोधपुर के न्यायाधिपति मनोज गर्ग और के के गुप्ता का न्यायमित्र उदयपुर बनने पर सम्मान और अभिनंदन किया।

संयोजक अशोक अग्रवाल ने बताया कि समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन भगवान की तस्वीर के सम्मुख माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया । साथ ही अतिथियों का मेवाडी परंपरा के अनुसार सत्कार किया गया। संचालन अनिल सिंघल ने किया।

समारोह में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष और उदयपुर के न्याय मित्र के के गुप्ता, अग्रवाल समाज उदयपुर महिला अध्यक्ष सुशीला गुप्ता, प्रवासी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष शशिकांत खेतान, लश्करी अग्रवाल समाज से दिनेश अग्रवाल, धानमंडी अग्रवाल समाज से ओम अग्रवाल, दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज से ब्रज मोहन अग्रवाल, वैष्णव अग्रवाल समाज से दिनेश बंसल, प्रकाश अग्रवाल,मदन अग्रवाल, के एम जिंदल, राम अग्रवाल आदि मंच पर आसीन रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए न्यायाधिपति मनोज गर्ग ने कहा कि गुप्ता जी ने डूंगरपुर नगर को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है और प्रदेश और देश के सभी निकाय डूंगरपुर से प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। आज के समय में डूंगरपुर नगर का नाम स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के पर्याय के रूप में जाना पहचाना जाता है यह सब कुछ गुप्ता जी की देन है गुप्ता जी के कार्यो की प्रशंसा प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने भी की है यह हमारे लिए गौरव की बात है । न्यायालय द्वारा गुप्ता को उदयपुर का न्याय मित्र बनाया है अब उदयपुर भी स्वच्छता में अपनी पहचान बनाएगा गुप्ता समाज में लंबे समय से प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए कार्य कर रहे हैं जो हमारे लिए प्रेरणादायक है।

गर्ग ने कहा कि हमारे अग्रवाल समाज का कोई भी बंधु यदि किसी भी उच्च प्रशासनिक अथवा राजनीतिक पद पर आसीन होता है तो वह अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है उसी प्रकार से गुप्ता द्वारा डूंगरपुर नगर परिषद सभापति के रूप में मात्र 5 वर्ष के कार्यकाल में ही डूंगरपुर नगर को आगामी 50 वर्षो को ध्यान में रखते हुए आधारभूत विकास कार्य किए गए है। यहां हमें यह भी सीखने मिलता है कि यदि हमारे अग्रवाल समाज का कोई व्यक्ति किसी कार्य करने को ठान ले तो क्या कुछ नहीं कर सकता। समारोह को संबोधित करते हुए के के गुप्ता ने कहा कि, आज यह सम्मान समारोह न्यायाधिपति के लिए आयोजित किया है लेकिन यह पूरे अग्रवाल समाज का सम्मान है। न्यायाधिपति की न्यायिक सेवा में उच्च पद पर आसीन है यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है।

गुप्ता ने समाज जनों से आव्हान करते हुए कहा कि, किसी समाज में तब तक उत्थान नहीं हो सकता जब तक राजनीती में भागीदारी न हो हमारा समाज भले ही व्यापार उद्योग में सबसे अग्रणी है। आज हमारे समाज को आवश्यकता है कि हमारे बच्चे उच्च प्रशासनिक तथा न्यायिक सेवाओं में अपनी भागीदारी देते हुए करियर बनाएं। गुप्ता ने कहा कि मेरे लिए यह भी गौरव का क्षण रहा जब मुझे नगर परिषद डूंगरपुर में सभापति पद का दायित्व मिला। मेरे पास में उदयपुर नगर निगम सहित बांसवाडा नगर परिषद तथा झुंझुनू जिले की भी नगर निकायों का यायालय द्वारा न्याय मित्र का दायित्व प्रदान किया है ।

## जैन फूड कार्निवल का आयोजन

**उदयपुर।** सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्थान महावीर जैन परिषद के तत्ववाधान में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर आयोजनों की श्रृंखला में मंगलवार को महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में जीतो लेडिज विंग उदयपुर की ओर से जैन फूड कार्निवल का आयोजन आयड स्थित आत्म वल्लभ आराधना भवन में आयोजित किया गया। मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। फूड कार्निवल में प्रतिभागियों ने जैन परम्परा को पुष्ट करते हुए बिना प्याज, लहसून व जमीकंद के स्वयं द्वारा बनाए गए तीन व्यंजन (नाश्ता, मिठाई व पेय पदार्थ) तैयार कर कर कार्निवल में डेकोरटिव तरीके से प्रस्तुत एवं हस्त लिखित व्यंजनों की रेसिपी का प्रस्तुतिकरण किया। फूड कार्निवल में मुख्य अतिथि नगर निगम की पूर्व महापौर रजनी डांगी थी।


कार्यालय नगर निगम, उदयपुर ( राज. )
क्रमांक:प्रन्यास-I/2024-25/04 दिनांक:1.4.25
ऑनलाईन-124177

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड संख्या 102 योजना हिरण मगरी सेक्टर-3, उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 1250 वर्गफीट है। इस भू-खण्ड को प्रार्थीया गायत्री पत्नी योगेश औदिच्य व योगेश ओदिच्य पिता ओम प्रकाश औदिच्य निवासी-13, शिव सोसायटी कॉलोनी सविनाखेडा, उदयपुर को अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 21.03.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका पडौस निम्नानुसार है:-
पूर्व-भूखण्ड संख्या 103
पश्चिम-भूखण्ड संख्या 101
उत्तर-रोड40 फीट दक्षिण-भूखण्ड संख्या 123

पूर्व में उक्त भूखण्ड नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के द्वारा दिनांक 13.12.1971 को श्री इस्माइल पिता श्री अली मोहम्मद पेन्टर के नाम आवंटन किया गया। उक्त भूखण्ड वर्तमान में श्री नरेन्द्र माहुर पिता श्री मोहन लाल माहुर के नाम दर्ज है।

प्रार्थीया ने उक्त भूखण्ड दिनांक 31.01.2025 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अत: समस्त आम-खास को सूचित किया जाता है कि उक्तरोक्त पडौसियों के मध्य उक्त भूखण्ड प्रार्थीया के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रन्यास शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर निगम,उदयपुर**



कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला राजसमन्द ( राज. )
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/18522 दिनांक : 25/03/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री नरेन्द्र पानेरी पिता स्व.श्री बंशी लाल पानेरी बड़ा बाजार, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 12 क्षेत्रफल 2250 वर्गफिट,बिच्छु मगरी, नाथद्वारा | आम रास्ता | भूखण्ड संख्या 13 | खाली भूमि न.पा.एवं रास्ता | रास्ता 06 फिट |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

# गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, लाखों रुपए का नुकसान हुआ

## आग से गोदाम में रखा तेल, शक्कर सहित अन्य खाद्य सामग्री जलकर राख हुई

- फायर ब्रिगेड की 10 से ज्यादा गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया
- तेल और खाद्य सामग्री होने के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया
- पुलिस और दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों को बाहर निकाल लिया, एक बाइक और गोदाम में रखा अधिकांश सामान चपेट में आ गया

**अजमेर, (कासं)।** केसरगंज स्थित एक गोदाम में बीती रात शार्ट सर्किट से आग लगने से आग ने भीषण तांडव मचाया। आग से गोदाम में रखा तेल, शक्कर सहित अन्य खाद्य सामग्री जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग की सूचना पर क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तेल और खाद्य सामग्री होने के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 10 से ज्यादा गाड़ियों का पानी आग पर डालने के बाद दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

क्लॉक टावर थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अलवरगेट निवासी मनमोहन सिंह के कैसरगंज स्थित लाल कोठी के पास गोदाम में रात करीब तीन बजे आग लग गई। आग लगते ही चारों तरफ धुआं फैल गया, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। दक्षिण सीओ ओमप्रकाश भी घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के कार्यों की निगरानी की।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी जगदीश प्रसाद फुलवारी ने बताया कि रात करीब सवा तीन बजे केसरगंज में आग लगने की सूचना मिली थी। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की 10 से अधिक गाड़ियां बुलाई गईं। गोदाम में आग लगने के समय तीन वाहन खड़े थे। पुलिस और दमकल कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए दो गाड़ियों को बाहर निकाल लिया। हालांकि एक बाइक और गोदाम में रखा अधिकांश सामान आग की चपेट में आ गया और पूरी तरह जलकर राख हो गया। चार घंटे की मशक्कत के बाद सुबह सात बजे आग पर काबू पाया गया। गोदाम मालिक ने बताया कि इस घटना में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



अजमेर के केसरगंज स्थित एक गोदाम में बीती रात शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई।

# कार-ट्रोले की भिड़ंत में पति-पत्नी सहित तीन जनों की मौत

## बेटे की शादी की तैयारी करने जा रहे थे दंपती, ओवर स्पीड के चलते हादसा हुआ

**हनुमानगढ़, (निसं)।** यहां मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। सुबह करीब ग्यारह बजे कार और ट्रोले की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रोले का ड्राइवर फरार हो गया। घटना पल्लू थाना क्षेत्र में दुधली गांव के पास की है।

एएसआई परमिंदर सिंह के मुताबिक जोधपुर जिले फलोदी निवासी लक्ष्मीनारायण (45) और उसकी पत्नी राजू देवी (40) हनुमानगढ़ जिले के रावतसर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार दंपती ने अपने बेटे का रिश्ता हनुमानगढ़ के रावतसर कस्बे में किया हुआ था। दोनों अपने बेटे की शादी की तैयारियों को लेकर बातचीत करने ही रावतसर जा रहे थे। इसी दौरान दुधली गांव के पास हादसा हो गया। हादसे में पति-पत्नी और कार ड्राइवर गंगाराम (29) की मौके पर ही मौत हो गई।

पल्लू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक कार ड्राइवर गंगाराम अपने भाई की ही गाड़ी किराए पर लेकर आया था। भाई की गाड़ी लेकर वह दुधली के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रोला में टक्कर हो गई। एएसआई परमिंदर सिंह के अनुसार हादसा ओवर स्पीड और ओवरटेक करने की जल्दबाजी के कारण हुआ। डेड बॉडी को पल्लू अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पल्लू पुलिस फिलहाल हादसे की जांच में जुटी हुई है।

# ख्वाजा साहब की दरगाह की सुरक्षा में चूक

- तीन तलवारों के साथ घुसा युवक, उत्पात मचाया, लोगों ने युवक को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में मंगलवार सुबह 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक अर्द्धनग्न युवक तीन तलवारें लेकर दरगाह में घुस गया और तलवारें लहराने लगा। दरगाह परिसर में मौजूद जायरीन में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। अपने आपको बचाते हुए कुछ जायरीन युवकों ने हिम्मत कर युवक से तलवारें छीनने की कोशिश में जिसमें उसका हाथ जख्मी हो गया। इस बीच अन्य लोगों ने युवक को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

दरगाह सीओ लक्ष्मणराम ने बताया कि दरगाह परिसर में हथियार लेकर घुसने वाला युवक उत्तर प्रदेश निवासी आलम अली है। युवक ने मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब ख्वाजा साहब की परिसर में अपने कपड़े उतार दिए और तलवारें लहराने लगा। उसे हिरासत में ले लिया गया है और उसकी मानसिक स्थिति व दरगाह में प्रवेश कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार युवक शाहजानी मस्जिद तक पहुंच गया था। युवक द्वारा दरगाह परिसर में अर्द्धनग्न हो कर तलवारें लहराने की घटना ने दरगाह की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दरगाह शरीफ के प्रवेश द्वारों पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है। भारी सुरक्षा के बावजूद युवक तीन तलवारों के साथ परिसर में कैसे प्रवेश कर गया यह सुरक्षा में भारी चुक उजागर हुई है।

# हादसे छह साल की बच्ची की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** यहां छह साल की बच्ची को बेकाबू हाइड्रा मशीन ने कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग महिला सहित दो बहनें घायल हो गई। घायलों को पीबीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। हादसा महाजन थाना क्षेत्र के सूंई का है।

जानकारी अनुसार सूंई में गणगौर मेला भरा हुआ है। मेले में जा रही छह साल की बच्ची मोनिका जाट को अनियंत्रित हाइड्रा मशीन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं हाइड्रा की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला सावित्री देवी माली और दो बहनों प्रवीना व प्रीता सुथार घायल हो गई। गांव के भानी सिंह भाटी ने बताया कि अनियंत्रित हाइड्रा मशीन से बड़ी जनहानि हो सकती थी। गांव के ही एक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए हाइड्रा पर चढ़कर जैसे-तैसे काबू किया। घटना की सूचना पर महाजन पुलिस थाना प्रभारी कश्यप सिंह जाप्ते सहित मौके पर पहुंचे।

# अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो जिंदा व दो खाली कारतूस बरामद किए
- आरोपी के खिलाफ पूर्व में एक पॉक्सो का मामला दर्ज है, पूछताछ जारी

**खेतड़ी, (निसं)।** सिंघाना पुलिस ने देर शाम को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो जिंदा व दो खाली कारतूस बरामद किए हैं।

थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की धरपकड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान एचसी सुभाष लाम्बा को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक युवक मोई सद्दा से पैदल पैदल आ रहा है, जिसके पास जिंदा कारतूस है। सूचना पर पुलिस ने मोई सद्दा आम रास्ते पर पहुंचने पर एक युवक आता दिखाई दिया। जब पुलिस ने उसको रूकवाकर नाम व पता पूछा तो अपना नाम राजेश पुत्र भरत सिंह निवासी मोई सद्दा का होना बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास दो जिंदा कारतूस व दो खाली कारतूस मिले। पुलिस ने उसके पास मिले अवैध कारतूस के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास मिले कारतूस बरामद कर लिए।

थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक पॉक्सो का मामला दर्ज है। थानाधिकारी ने बताया कि इस मामले की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एचसी सुभाष लाम्बा, कांस्टेबल अजय, सुनिल कुमार, विकास आदि शामिल थे।



सिंघाना पुलिस ने हथियार के साथ एक जने को गिरफ्तार किया।

# पिता की मौत के बाद बेटे ने फर्जी दस्तावेज से पेंशन ली

**पचेरी कलां, (निसं)।** थाने में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ अपने पिता की मौत के बाद भी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पेंशन लेने का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल सदर थाना इलाके के कुलताजपुर निवासी भगवान सिंह राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल थे, जो सेवानिवृत्त हो गए थे। भगवान सिंह का निधन 24 सितंबर 2021 को हो गया, बावजूद इसके भगवान सिंह के बेटे प्रदीप ने तीन साल तक फर्जी जीवित प्रमाण पत्र बनाया और बैंक तथा बुहाना कोष कार्यालय में देकर तीन साल तक पेंशन उठाता रहा। आरोपी ने तीन सालों में 8 लाख 20 हजार 738 रूपए की पेंशन उठा ली। इस मामले की शिकायत उसी के गांव के राहुल ने झुंझुनूं पुलिस को की, जिसके बाद पुलिस ने परिवाद की जांच शुरू की। परिवाद में सामने आया कि आरोपी प्रदीप ने तीन सालों में तीन फर्जी जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें उसने खुद ही अपने मृत पिता के साइन किए। इसके अलावा पहला जीवित प्रमाण एक सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल से विश्वास में लेकर सत्यापित करवा लिया। वहीं दो जीवित प्रमाण पत्र सत्यापित करने में उसने दो अलग-अलग स्कूलों की मोहर लगाकर फर्जी साइन कर लिए। जब आरोपी की चोरी पकड़ी गई तो उसने तुरंत ही राजकीय कोष मे रूपए जमा भी करवा दिए, लेकिन पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत अन्य धाराओं में आरोपी प्रदीप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रदीप, अपनी ग्राम पंचायत थाना में पंच भी है। परिवादी राहुल भी प्रदीप के गांव का ही है। जिसने सितंबर 2024 में लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने करीब छह माह तक मामले की जांच की। इसके बाद जब आरोप प्रमाणित हुए तो अब भी करीब एक माह बाद एफआईआर दर्ज की है। पचेरी कलां एसएचओ राजपाल सिंह ने बताया कि परिवाद की जांच में आरोप प्रमाणित होने के बाद एफआईआर दर्ज की गई है।

# पीटीईटी के लिये आवेदन 7 तक

**बीकानेर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा पीटीईटी-2025 हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रेल निर्धारित है। जिला समन्वयक डूंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र पुरोहित ने बताया कि पीटीईटी -2025 की परीक्षा 15 जून को आयोजित होगी। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाईट एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है।


**RAJASTHAN LIVESTOCK DEVELOPMENT BOARD**
Pashudhan Bhawan Parisar, Tonk Road, Jaipur
Phone: 0141-4064974 (Website: rldb.rajasthan.gov.in)
Email – rldb.ah@rajasthan.gov.in, rldbraj@gmail.com

क्रमांक :- आरएलडीबी/मैनपावर/2025/1744 दिनांक :- 28/03/2025

**ई-बोली आमंत्रण सूचना**

राजस्थान सरकार से पंजीकृत/मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता संस्था/एजेन्सी से जॉब वर्क बेसिस पर मैनपावर सेवाऐं (अनुमानित लागत राशि रूपये 42.00 लाख, एक वर्ष के लिए दर संविदा) लिये जाने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट माध्यम से दिनांक 01.04.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.04.2025 को सायं 5.00 बजे तक ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विवरण/शर्तें वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **https://rldb.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है तथा बोली प्रपत्र इन्हीं वेबसाईट से नियत तिथि से डाउनलोड किया जा सकता है।

**UBN is : ANH2425SLRC00284**

राज.संवाद/सी/25/24 मुख्य कार्यकारी अधिकारी



**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/282 - 284 Date : 28/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 78/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 197.48 लाख (10 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 29.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 08.04.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 29.03.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 08.04.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 09.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट **urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**UBN No. : ITU2425WSOB00520 To ITU2425WSOB00529**

राज.संवाद/सी/25/32 अधिशाषी अभियन्ता - चतुर्थ उदयपुर विकास प्राधिकरण


# एक करोड़ की हेरोइन बरामद, पंजाब का तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त ब्रेजा कार को भी जब्त किया

- सदर पुलिस और डीएसटी ने "ऑपरेशन सीमा संकल्प" के तहत कार्रवाई की

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे "ऑपरेशन सीमा संकल्प" के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस थाना सदर और जिला विशेष टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की है। वहीं पुलिस ने पंजाब के तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त की है।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के अनुसार, सरकारी मेडिकल कॉलेज श्रीगंगानगर के पीछे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान गुरजंट सिंह (32) के रूप में हुई है, जो पंजाब के तरणतारण जिले के गांव डौटिया का रहने वाला है। आरोपी के पास से 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। साथ ही मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त ब्रेजा कार को भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया है।

इस कार्रवाई में थाना सदर से उप निरीक्षक सुनील कुमार, कॉन्स्टेबल सुरेंद्र, अजय यादव और कर्मसिंह शामिल थे। जिला विशेष टीम से उप निरीक्षक रामविलास के नेतृत्व में विधाधर और पवन कॉन्स्टेबल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामले की जांच पुलिस थाना जवाहरनगर के उप निरीक्षक बलवंत कुमार को सौंपी गई है।


**कार्यालय नगर पालिका खाजूवाला जिला-बीकानेर (राज.)**

क्रमांकः- न.पा.खा/निविदा/निर्माण/2024-25/2220-21 दिनांकः-28.03.2025

**-: ई-निविदा सूचना 05/2024-25 :-**

नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य नियमानुसार पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN व WWW.EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

| S.No. | UBN No |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB22877 |

| क्र. सं. | निविदा ऑनलाईन डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक | निविदा भौतिक प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 28.03.2025 को सायं 06:00 बजे से दिनांक 15.04.2025 सांय 06:00 बजे तक | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 12:00 बजें | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से लगातार |

राज.संवाद/सी/25/4 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, खाजूवाला


# विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया, मामला दर्ज

- एक लाख नगद और बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर घर से विवाहिता को निकाला
- विवाहिता ने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

**सादुलपुर, (निसं)।** एक विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर दर्ज मामले में दीक्षा पुत्री सुंदरलाल जांगिड़ निवासी सूरतपुरा राजगढ़ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 14 फरवरी 2024 को उसके पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज देकर उसकी शादी सुरेंद्र पुत्र जयवीर जांगिड़ निवासी खेरू बड़ी तहसील राजगढ़ जिला चूरू के साथ की थी। शादी के बाद जब वह पहली बार अपने ससुराल गई तो उसकी सास संतोष, जेठ रविंद्र जेठानी अंजू ने कम दहेज का तान देकर दहेज मे एक लाख नगद और एक मोटरसाइकिल देने की बात कही तथा अपने माता-पिता को मांग के बारे में जानकारी दी। दो महीने बाद जब उसके पीहर में उसे लेने के लिए आए तो दहेज की की मांग उसके माता-पिता के सामने रखी तो उसके माता-पिता ने समझाकर उसे विदा करते हुए कहा कि मैं विकलांग व्यक्ति हूं कोई शुभ अवसर होगा तो मांग पूरी कर देंगे। उसके बाद वह ससुराल चली गई ससुराल जाने पर सास जेठ जेठानी ने दहेज की मांग की तथा मारपीट कर उसे भूखा और प्यासा रखने लगे कमरे में बंद रख कर दिया तथा फोन जबरदस्ती छीन कर अपने पास रख लिया। सूचना मिलने पर उसके माता पिता परिवार और रिश्तेदार के उसके ससुराल आए तथा उसके ससुराल वालों से कहा कि अभी आमदनी का कोई साधन नहीं है, आगे जब अच्छी फसल होगी तो मांग पूरी कर देंगे। जिस पर ससुराल वाले मान गए कुछ दिन उसे ठीक से रखा तथा थोड़े ही दिनों बाद पुनः मोटरसाइकिल ओर एक लाख की मांग करने लगे और तंग परेशान करने लगे तब उसने कहा कि उसके पिता विकलांग व्यक्ति है, घर में कोई अन्य कमाने वाला व्यक्ति नहीं है और ना ही मेरे माता-पिता की इतनी हैसियत है कि आपकी नाजायज मांग पूरी कर सके, जिस पर ससुराल वाले नाराज होकर गुस्से में दहेज की मांग को लेकर मारपीट की तथा 6 मई 2024 को उसका पति सुरेंद्र, सास संतोष, जेठ रविंद्र, जेठानी अंजू ने जबरदस्ती गाड़ी में बैठकर उसके घर पर छोड़ गए और धमकी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो वह सुरेंद्र की दूसरी जगह शादी कर देंगे। दर्ज मामले में बताया कि उसका स्त्री धन हड़पकर आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क दुर्घटना के सात साल पुराने मामले में अवार्ड पारित

## चार लाख 50 हजार 384 रुपए का अवार्ड पारित किया

- मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण द्वितीय ने निर्णय दिया

**सादुलपुर, (निसं)।** सड़क दुर्घटना के एक सात वर्ष पुराने मामले में मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम संख्या द्वितीय ने चार लाख 50 हजार 384 रुपए का अवार्ड पारित किया है।

प्रकरण अनुसार 12 दिसंबर 2016 को प्रार्थी मृतक धनपत सिंह पुत्र चंद्राराम जांगिड़ निवासी हरपालु ताल राजगढ़ अपने रिश्तेदार की गाड़ी में सवार होकर गांव रालवास कला जिला हिसार हरियाणा में सत्संग में शामिल होने के लिए जा रहा था। सिवानी हरियाणा में गौशाला के सामने पहुंचा तो सामने से एक ट्रक चालक ने ट्रक को तेज गति लापरवाही से चलाता हुआ लाया तथा उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गभीर चोट लगने के कारण धनपत सिंह की मौके पर मौत हो गई।

घटना के बाद मृतक की पत्नी कमला, पुत्र व पुत्री की ओर से न्यायालय में क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए याचिका का पेश की।

मामले में पीठासीन अधिकारी द्वितीय लतिका दीपक पराशर ने पत्रावलियों पर आए साक्ष्य, गवाहों और सबूतों का अवलोकन कर प्रार्थी के पक्ष में बीमा कंपनी के खिलाफ चार लाख 50 हजार 384 रुपए का अवार्ड पारित किया एवं 21 जून 2017 से वसूली की दिनांक तक 7.5 ब्याज राशि देने का आदेश पारित किया है। प्रार्थी की ओर से पैरवी एडवोकेट सुनील जांगिड़ ने की।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तखतगढ, जिला-पाली (राज.)**

क्रमांक/भण्डार/2025/4913 दिनांक :- 24.03.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगरपालिका तखतगढ की ओर से निम्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय विभागों एवं मान्यता प्राप्त पंजिकृत ठेकेदारों से ई-निविदा द्वारा विभिन्न विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईड www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN CODE :

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | धरोहर राशि 2% | यूबीएन कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वार्ड नम्बर 01 से 12 तक सफाई कार्य हेतु सफाई श्रमिक आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध कार्य। | 24.00 | 500 | 500 | 48000 | DLB2425SLOB22558 |
| 2 | स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वार्ड नम्बर 13 से 25 तक सफाई कार्य हेतु सफाई श्रमिक आपूर्ति हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध कार्य। | 24.00 | 500 | 500 | 48000 | DLB2425SLOB22559 |

| | |
|---|---|
| कार्य संख्या | 01 से 02 तक |
| निविदा जारी दिनांक व समय | 27/03/2025/ Time 18.00 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने शुरूआती दिनांक व समय | 28/03/2025/ Time 15.00 |
| निविदा दस्तावेजो को जमा करवाने हेतु शुरूआती दिनांक व समय | 28/03/2025/ Time 15.00 |
| निविदा दस्तावेजो को जमा करवाने हेतु अन्तिम दिनांक व समय | 7/4/2025/ Time 14.00 |
| तकनिकी बिड/वित्तिय खोलने की दिनांक व समय | 7/4/2025/ Time 16.00 |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated Latter to the technically Qulified Bidders |
| बिड की वैधता समयवधि | 90 दिन |

नोट :-
1. धरोहर राशि जरिये डिमांड ड्राफ्ट/नकद ही स्वीकार की जावेगी एवं प्रत्येक आईटम का धरोहर जरिये ड्राफ्ट अलग जमा कराना होगा।
2. डाक द्वारा एवं सशर्त निविदा अमान्य रहेगी।
3. निविदा तिथि को अवकाश होने पर आगामी कार्य तिथि को निविदा प्रस्तुत की जा सकेगी।
4. दरे एफओआर एवं समस्त करों सहित दी जाये।
5. सर्वाधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता सुरक्षित होगा।
6. संवदेक को सेल टेक्स क्लीयरिंग प्रमाण पत्र पेश करना होगा।
7. G.S.T. सहित दरे मान्य होगी।
8. अन्य शर्ते पालिका कार्यालय में देखी जा सकेगी।

अध्यक्ष नगरपालिका तखतगढ़ — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तखतगढ़

राज.संवाद/सी/25/63


# बिहार क्रिकेट टीम में सलेक्शन कराने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

## पीड़ित ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**नदबई/भरतपुर, (निसं)।** नदबई कस्बा निवासी मौनू सत्येन्द्र रौतवार पुत्र थानसिंह ने अपने बिहार क्रिकेट टीम में सलेक्शन कराने का झांसा देकर करीब 15 लाख की ठगी करने का आरोप लगाते हुए दो जनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पटना बिहार निवासी राजवीर ने नदबई निवासी पीड़ित को बिहार क्रिकेट टीम में सलेक्शन कराने का झांसा दिया। जिसके चलते करीब एक साल पहले, पीड़ित अपने दो अन्य साथी सौरभ गोदारा व अभिषेक यादव को बिहार ले गया, जहां जगुआर क्रिकेट एकेडमी में आरोपी राजवीर ने दूसरे अन्य आरोपी रनधीर कोच से मुलाकात कराते हुए 21 लाख रुपए में सौरभ गोदारा व अभिषेक यादव का बिहार टीम में सलेक्शन कराने को कहा। झांसे में आकर पीड़ित ने दोनों खिलाड़ियों के सलेक्शन कराने के एवज में पहले पांच लाख व बाद में अलग-अलग तरीके से करीब 11 लाख 15800 रुपए दिए। टीम में सलेक्शन नही होने पर पीड़ित ने आरोपियों से राशि का तकादा किया, जिस पर आरोपियों ने एक लाख रुपए वापिस कर दिए, लेकिन, बकाया 15 लाख 15800 रुपए लौटाने से मना कर दिया। राशि नहीं लौटाने पर पीड़ित ने बिहार निवासी राजवीर व रनधीर कोच के खिलाफ ठगी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

# अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

## बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारे गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना कर रही है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाए जाने में सहकार आन्दोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम 2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन कॉपरेटिव कोड लेकर आएगी। इसके लिए गठित एक समिति ने सहकारी आंदोलन में अग्रणी महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल जैसे राज्यों का दौरा कर वहां के सहकारी कानूनों का व्यवहारिक अध्ययन भी किया है।श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बजट 2024-25 की अनुपालना में 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इससे राज्य के 35 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। बजट 2025-26 में भी25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण की घोषणा की गई है।

शर्मा ने सहकारिता विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनका समयबद्ध रूप से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के भण्डारण की क्षमता में वृद्धि करने के लिए 150 ग्रामसेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है। इन गोदामों में कृषि उत्पादों का योजनाबद्ध ढंग से भण्डारण सुनिश्चित हो, ताकि इनका अधिकतम उपयोग लिया जा सके। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य के 1 लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बजट 2025-26 में इन परिवारों की

- **'सहकार से समृद्धि की भावना के साथ कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता'**

संख्या बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार कर दी गई है। साथ ही, इस बजट में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि को भी बढ़ाकर आगामी वर्ष से 9 हजार प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान राज्य सहकारी क्रय विक्रय संघ लि0 की ओर से खरीफ सीजन 2024 में दलहन और तिलहन जैसे मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन की 4 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई, जिसमें मूंगफली की 4 लाख 38 हजार 800 मेट्रिक टन से भी अधिक की रिकॉर्ड खरीद की गई।साथ ही, रबी सीजन 2025-26 के लिए सरसों और चने की खरीद हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्याप्त प्रचार-प्रसार कर किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए। पात्र किसानों को सहकारी बैंकों के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों और ग्रामीणों के अधिक से अधिक बचत खाते सहकारी बैंकों में खुलें।

समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है।

बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, शासन सचिव पशुपालन समित शर्मा, प्रबंध निदेशक राजफेड टीकम चन्द बोहरा, प्रबंध निदेशक आरएसएलडीबी जितेन्द्र प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव ( महावीर जयंती महोत्सव ) के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में जयपुर में 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले महावीर जयंती समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया।

## 416 महिला पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्ति के आदेश

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा 416 महिला पर्यवेक्षक के पदों परनियुक्ति के आदेश जारी किये गए हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। विभाग में कार्मिकों की कमी नहीं होने से कार्य सुगमता से होंगे। जिससे महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से आमजन सरलता और सुगमता से लाभान्वित हो सकेंगे। निदेशक आईसीडीएस ओ पी बुनकर ने बताया कि विभाग में 416 कार्मिक की पोस्टिंग मिली है। जिसमें से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से 216 कार्यकर्ताओं की महिला पर्यवेक्षक के रूप में भर्ती की गई हैं।

# खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन फसली ऋणों की भुगतान तिथि बढ़ाई

**जयपुर।** राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋणों की अदायगी तिथि आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 2.19 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

- **2.19 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ**

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि इस सम्बन्ध में वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा पैक्स/लैम्प्स के माध्यम से खरीफ-2024 में ऋण प्राप्त करने वाले किसान अब 30 जून, 2025 अथवा ऋण लेने की दिनांक से 12 माह, जो भी पहले हो, ऋण राशि चुका सकेंगे। पूर्व में ऋण चुकाने की अवधि 31 मार्च, 2025 निर्धारित थी, जिसे आगे बढ़ाने की मांग की जा रही थी।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से सचिवालय में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के पार्षद के साथ अन्य लोगों ने मुलाकात कर उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो के लिए उनको गुलदस्ता देकर धन्यवाद दिया।

# 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विचाराधीन 18 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कुल 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की है।

शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत कुल 5 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी की तथा 4 अधिकारियों के विरूद्ध धारा 17-ए में भ्रष्टाचार के आरोपों की विस्तृत जॉच/अनुसंधान की पूर्वानुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान की। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 4

- **18 प्रकरणों का निस्तारण**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति**

अधिकारियों को पेंशन रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसमें से 2 प्रकरणों में शत-प्रतिशत पेंशन रोके जाने का निर्णय किया गया।

इसी प्रकार सेवारत अधिकारियों के 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरूद्ध विभिन्न आरोपों के प्रमाणित पाये जाने से संबंधित अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धियां रोके जाने के दण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय किया।



नारायण सिंह सर्किल पर रोडवेज बस स्टैंड बंद कर ट्रांसपोर्ट नगर पर करनेसे यहां गाड़िया नहीं रुक रही हैं। त्रिमूर्ति सर्किल की रेड लाइट पर गाड़ी कुछ ज्यादा ही समय के लिए रुकती है। मंगलवार को लोग बसों में बैठने के लिये नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक भागते नजर आए।

# भजनलाल सरकार के 3 माह में 10 फीसदी एम.ओ.यू. उतरे धरातल पर : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, मंत्री सुमित गोदारा, सुरेश सिंह रावत और भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने निदंनीय बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने जूली के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जूली विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं और यह आपका संवैधानिक दायित्व है कि राज्य के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं। परंतु दुर्भाग्यवश, जूली अपनी जिम्मेदारियों से भटक कर केवल निराधार आरोप लगाने में व्यस्त हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इन्वेस्ट समिट का आयोजन हुआ था। इसमें करीब साढ़े 12 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए थे, लेकिन वास्तविकता यह रही कि उनमें से सिर्फ 2 फीसदी ही धरातल पर उतर सके। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के पहले ही वर्ष इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए। इतना ही नहीं, भजनलाल शर्मा सरकार की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि मात्र 3 महीने के भीतर करीबन 10 प्रतिशत निवेश धरातल पर उतर चुका है। प्रत्येक एमओयू के क्रियान्वयन के किए अलग से सक्षम अधिकारी की नियुक्ति के साथ स्वयं मुख्यमंत्री स्तर पर 3 माह में एमओयू की निरंतर समीक्षा की जा रही है। राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब किसी सरकार के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 30 से अधिक देशों के 5000 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। इसमें 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए।

# भाजपा में राष्ट्र प्रथम की भावना है : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को व्यापक रूप से मनाया जाएगा। प्रदेशभर में जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिल करके राष्ट्र भक्त नागरिकों से भाजपा के साथ जुड़ने, पार्टी को समर्थन देने की अपील करेंगे। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि प्रत्येक राष्ट्र भक्त नागरिक 6 अप्रैल को अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराए, ताकि अराष्ट्रीय गतिविधियों में लिप्त लोगों को सही मार्ग पर लाया जा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो राष्ट्र को सशक्त बना सकती है, प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को ऊंचा कर सकती है और सर्वोंगिण विकास की भावना के साथ कार्य करती है। भाजपा ही सर्वे भवंतु सुखिने की भाजपा के साथ कार्य करती है।

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की सोच नेशन फर्स्ट की है। राष्ट्र प्रथम की सोच वाली भाजपा में दल बाद में आता है, और स्वयं को अंत में माना जाता है। जबकि अन्य पार्टियों में पहले स्वयं की भावना के साथ कार्य किया जाता है।

# प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने अवैध वसूली के 45 हजार रुपये, डराने-धमकाने के लिए प्रयुक्त चाकू सहित एक स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि पिछले 15 वर्षों से लगातार प्राइवेट बसों से वसूली की जा रही थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **पुलिस ने अवैध वसूली के 45 हजार रुपये, डराने-धमकाने के लिए प्रयुक्त चाकू सहित एक स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है**
- **पूछताछ में सामने आया है कि पिछले 15 वर्षों से लगातार प्राइवेट बसों से वसूली की जा रही थी**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि झोटवाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राईवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के भगवान सिंह (37) निवासी मकराना जिला डीडवाना कुचामन हाल करधनी जयपुर, श्याम वीर सिंह (29) निवासी नीमकाथाना जिला सीकर, विक्रम सैन उर्फ विक्की उर्फ बोगी (40) निवासी हरमाड़ा जयपुर और दिलिप सिंह (54) निवासी रानोली जिला सीकर हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंग हर बस से सौ रुपए तक ले रही थी। पैसा नहीं देने पर गैंग के लोग जान से मारने की धमकी देते थे और चौमूं पुलिया और सामोद के बीच रास्ते में मौका मिलते ही बसों पर हमला कर पत्थर फेंक देते। फिर बस चालक और खलासी के साथ मारपीट करते। यह पूरा गिरोह शिफ्ट के अनुसार काम कर रहा था। हर शिफ्ट मे अलग-अलग लोग काम करते। वहीं जांच में सामने आया कि यह गैंग पिछले 15 साल से चल रहा था और हर महीने 10 लाख रुपए तक वसूल लेता था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि झोटवाड़ा थाना इलाके में स्थित चौमू पुलिया पर प्राइवेट बसों से अवैध वसूली से संबंधित एक गोपनीय सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम की ओर से गोपनीय रूप से रैकी और जांच करवाई। इस दौरान पता चला कि गिरोह के सदस्य चौमू पुलिया पर रुकने वाली प्राइवेट बसों से पचास से सौ रुपये वसूलते हैं। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पैसे नहीं देने पर चौमू पुलिया से आगे सामोद के रास्ते में बस पर हमला कर देते हैं। यह गिरोह संगठित तौर पर कई सालों से काम कर रहा है। सभी प्राइवेट बस ड्राइवर और बस कंडक्टर इनसे घबराए हुए हैं। जांच में पुष्टि होने पर वसूली करने वाली गैंग को अलग-अलग जगहों से पकड़ा।



झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में होंगे विकास कार्य

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत, नवीन निर्माण कार्यों एवं संपर्क रोड के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से भादरा, टिब्बी, रावतसर, गोलूवाला, इटावा, जैतसर, सादुलशहर एवं श्रीकरणपुर कृषि उपज मंडियों में लगभग 12 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विभिन्न यार्ड विकास के कार्य किए जाएंगे। कोटपूतली, सुमेरपुर, सूरतगढ़, कोटा, श्रीगंगानगर, नागौर और गोलूवाला मंडियों में लगभग 39 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से संपर्क सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा।



दूसरे दिन मंगलवार को बूढ़ी गणगौर की सवारी शाही लवाजमे के साथ परकोटे में निकली।

# राजस्थान हाउस में इटालियन नहीं, राजस्थानी स्थापत्य कला की झलक दिखे : दिया कुमारी

**जयुपर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित प्रदेश की सड़क एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने निर्देश दिए है कि दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस में राजस्थानी स्थापत्य और कला की जीवन्त तस्वीर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में वहां सुस्त काम हुआ और इटालियन सामग्री ज़्यादा दिखाई दे रही थी।इसमें राजस्थानी सामग्री का अधिकतम उपयोग होना चाहिए, क्योंकि यह इटली का नहीं राजस्थान का हाउस है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के नाम से देश की राजधानी में बनने वाले भवन में राजस्थान की सभी महत्वपूर्ण कलाओं, राजस्थान की निर्माण सामग्रियों का उपयोग करके एक ऐसा भवन बनाया जा रहा है, जो देश और विदेश से आने वाले लोगों में प्रदेश की विरासत की अमिट छाप छोड़े।

- **उपमुख्यमंत्री ने ली सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक**

उपमुख्यमंत्री मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित प्रदेश की सड़क एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने एनएचएआई की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए 200 फिट बाईपास सहित, जयपुर शहर की ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतू कार्ययोजना बनाने एवं उसे तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में चल रही विभिन्न रिंग रोड़ परियोजनाओं, ब्लैक स्पाट्स का निराकरण, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे, अमृतसर-जामनगर इकोनोमिक कोरीडोर आदि की भी उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने सीआरआईएफ योजना, राजस्थान स्टेट हाईवे ऑथेरिटि, आरएसआरडीसी, पीएमजीएसवाई सहित विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि पीएमजीएसवाई चतुर्थ के तहत प्रदेश की 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाना प्रस्तावित है, जिनके सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ राजस्थान स्टेट हाईवे ऑथेरिटि के स्वीकृत 19 कार्यो में से 15 पूर्ण किए जा चुके है तथा शेष 4 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण किया जाना सम्भावित है।

# नीमकाथाना जिला बचाओ संघर्ष समिति का 49वें दिन भी लगातार प्रदर्शन जारी

## प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और जिला बनाने की मांग की

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना जिले को हटाए जाने के विरोध में मंगलवार को ग्राम पंचायत दरीबा में धरना और प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जो 49वें दिन भी लगातार जारी रहा। इस संघर्ष में संतोष मीणा, रामाकांत शर्मा, गौरीदत शर्मा, महेश गुर्जर, विक्रम गुर्जर, दाताराम ढाबाला, बाबूलाल ढाबाला, विष्णु योगी, गिरधारी लाल, प्रभाताराम मीणा, हरीपाल मीणा, भोलाराम गुर्जर सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और नीमकाथाना को फिर से जिला बनाने की मांग की।

धरने को समर्थन देने के लिए रब्बू खां, पुष्कर सैनी, इन्द्राज ढाबाला, रियाज खान, सुल्तान ढाबाला, मुनीर खान, सुरजाराम गुर्जर, सेडुराम गुर्जर, राजेन्द्र मीणा, रोहिताश मीणा, बाबूलाल रैगर, अशोक गुर्जर जैसे कई लोग उपस्थित रहे। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष बसंत यादव और मीडिया प्रभारी नरेश टेलर भी धरने में शामिल हुए। धरने में मौजूद जिला परिषद सदस्य संतोष मीणा ने कहा, कि नीमकाथाना जिले को हटाना स्थानीय जनता के साथ अन्याय है। हम हर स्तर पर इस फैसले के खिलाफ संघर्ष करेंगे। जब तक नीमकाथाना को फिर से जिला नहीं बना दिया जाता, तब तक यह धरना हर पंचायत, गांव और ढाणी में जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि नीमकाथाना को सीकर संभाग से अलग कर इसे फिर से जिला बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उनका कहना था कि नीमकाथाना जिला बनने से यहां के आर्थिक और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय सुधार हुआ था और इसके हटने से नागरिकों की खुशहाली पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। महेश गुर्जर ने भी इस आंदोलन की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि नीमकाथाना जिले का पुनर्गठन ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है, क्योंकि इससे स्थानीय जनता की एकजुटता और संघर्ष का परिचय मिलता है। उन्होंने बताया कि नीमकाथाना क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की गति तेजी से बढ़ी थी, जिससे लोगों को सरकारी सेवाएं आसानी से मिल रही थी।

धरने में भाग लेने वाले लोगों की एकजुटता लगातार बढ़ रही है, और अब राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन भी इस आंदोलन से जुड़ने लगे हैं। इसका प्रभाव और व्यापक हो रहा है, जिससे आंदोलन को मजबूती मिल रही है। प्रमुख नेताओं का समर्थन मिलने से यह संघर्ष अब सिर्फ एक पेशेवर मुद्दा नहीं, बल्कि एक जनांदोलन के रूप में देखा जा रहा है।



नीमकाथाना जिले को हटाए जाने के विरोध में 49वें दिन भी धरना जारी रहा।

# राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध

## करणी सेना ने सांसद का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया

**करौली, (निसं)।** करौली में श्री राजपूत करणी सेना ने समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी का विरोध किया। करणी सेना ने राजपूत छात्रावास में बैठक की। इसके बाद रैली निकाली और पुरानी कलेक्ट्रेट चैराहे पर समाजवादी पार्टी के सांसद का पुतला फूंका।

करणी सेना के पदाधिकारीयो और कार्यकर्ता रवि बना भैसावट, अशोक सिंह महौली, संदीप सिंह जादौन, आजाद सिंह, चेतराम, माखन सिंह, उत्तम सिंह जादौन, धर्मेन्द्र सिंह, हिन्दु सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहाबसिंह गुर्जर सहित दर्जनों की संख्या में करणी सेना व राजपूत युवा रैली के रूप मे कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंचे, जहा उन्होंने नारेबाजी करते हुए राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा संग्राम सिंह (राणा सांगा) को गद्दार कहकर किये गये अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं राष्ट्र विरोधी वक्तव्य पर रोष प्रकट करते हुए पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात सभी लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुॅचे, जहा उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियो को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा और कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। साथ ही देशद्रोह का मामला दर्ज करने और सदस्यता खत्म करने की मांग कि। श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह जादौन ने सांसद की टिप्पणी को अशोभनीय बताया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। राजपूत समाज के जितेंद्र सिंह पिचानौत और आरएसएस जिला संचालक देवीसिंह बदनपुरा ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राजनीति से प्रेरित होकर महापुरुषों पर टिप्पणी करना गलत है। इससे समाज में दुश्मनी बढ़ती है और सामाजिक ताना-बाना बिगड़ता है। उन्होंने राष्ट्रपति से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाने कि मांग की।



करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया।

# कैलादेवी मेले में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये'

**करौली, (नि.सं.)।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर कैलादेवी मेले में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए विकास अधिकारी एवं नगरपरिषद आयुक्त प्रेमराज मीना को निर्देशित किया। वहीं खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाकर मिलावट के प्रति सावचेत रहने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा को आदेशित किया, जिससे जिले में आ रहे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए।

- जिला कलेक्टर ने आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में बैठक ली

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधारोपण की पूर्व तैयारी सभी स्तरों पर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही गत वर्ष लगाए गए पौधों की देखभाल एवं उचित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जिला कलक्टर ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिले में अब तक किए गए नल कनेक्शनों एवं मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सीएमएचओ को चिकित्सालयों में व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया।

# 'एकल बुजुर्ग अपरिपक्व महिलाओं के कल्याण के लिए क्या है योजना'

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से पूछा है कि मानसिक रूप से अपरिपक्व बुजुर्ग एकल महिलाओं के कल्याण के लिए उनके पास क्या योजना है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। वहीं अदालत ने मामले में अधिवक्ता पूर्वी माथुर को न्याय मित्र बनाते हुए उनसे भी इस संबंध में सुझाव देने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सीमा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता ब्रजेश कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता 63 साल की एकल बुजुर्ग महिला है और मानसिक रूप से अपरिपक्व है। उसके पिता सचिवालय और मां चिकित्सा विभाग में कार्यरत थी। दोनों का पूर्व में निधन होने पर वह अपने भाई-भाभी के पास रहने लगी। वहीं कुछ सालों पहले उसकी भाभी का भी निधन हो गया। याचिकाकर्ता ने आश्रित फैमिली पेंशन के लिए पिता के विभाग में आवेदन किया, लेकिन विभाग ने उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उसके पिता ने सरकारी सेवा में रहते हुए कभी भी याचिकाकर्ता की मानसिक दिव्यांगता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और ना ही कोई दस्तावेज पेश किए। ऐसे में उसे आश्रित फैमिली पेंशन दिलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से ऐसे प्रकरणों के लिए बनाई योजना की जानकारी मांगते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

# 1532 करोड़ की शराब बेचकर बीकानेर जोन प्रदेश में तीसरे नंबर पर

**बीकानेर, (निसं)।** आबकारी महकमे का बीकानेर जोन पिछले साल अक्टूबर माह तक रेवन्यू टारगेट में बॉटम पांच में शामिल था, लेकिन चार माह में ही तेजी से हालात सुधारे और फरवरी तक 1532 करोड़ रुपए हासिल कर टॉप तीन पर पहुंच गया। उदयपुर टॉप पर और संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर रहे जयपुर-जोधपुर ही बीकानेर जोन से आगे हैं।

- जोन ने फरवरी माह तक 1532 करोड़ की रेवन्यू हासिल की जो पिछले साल से 193 करोड़ रुपए ज्यादा है

बीकानेर जोन को वर्ष, 24-25 में 1934 करोड़ रुपए का टारगेट मिला था। शुरू के 6 माह में जोन के चारों जिले बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू में शराब बिक्री कम हुई जिससे जोन बॉटम पांच में शामिल था। अक्टूबर में मुख्य सचिव ने बैठक में इस पर चिंता जताई और हालात सुधारने के निर्देश दिए थे। उसके बाद चार माह में ही चारों जिलों में शराब बिक्री इतनी ज्यादा हुई कि बीकानेर जोन बॉटम पांच से टॉप तीन पर पहुंच गया। जोन ने फरवरी माह तक 1532 करोड़ रुपए की रेवन्यू हासिल की जो पिछले साल से 193 करोड़ रुपए ज्यादा है। उदयपुर जोन 86 प्रतिशत के साथ पहले नंबर पर, जयपुर-जोधपुर 82 प्रतिशत रेवन्यू हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। बीकानेर जोन ने 80 प्रतिशत टारगेट हासिल कर लिया है।

रियाजुद्दीन उस्मानी, अतिरिक्त आयुक्त बीकानेर का कहना है कि रेवन्यू टारगेट प्राप्ति जिला टारगेट करोड़ में प्राप्ति करोड़ में बीकानेर 565 427 चूरू 412 331 श्रीगंगानगर 525 410 हनुमानगढ़ 430 362 फरवरी माह में मुख्य सचिव ने मीटिंग ली थी तब बीकानेर जोन रेवन्यू में बॉटम 5 में था। चारों जिलों के अधिकारियों-इंस्पेक्टर को निर्देश दिए और प्लानिंग कर अवैध शराब पर अंकुश लगाया जिससे रेवन्यू तेजी से बढ़ी। मार्च के बाद टारगेट के नजदीक पहुंच जाएंगे।

# मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा पंचायत समिति के सरपंच,मनरेगा मजदूर और मेट ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया। मनरेगा में 4 महीने से मजदूरी नहीं मिलने पर जमकर नारेबाजी की। वहीं, वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन पर भी नाराजगी जताई। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। दोवडा पंचायत समिति के सरपंच, मनरेगा मेट और मजदूर मंगलवार को कलेक्ट्री पहुंचे। सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश रोत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने कलेक्ट्री के सामने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। सरकार पर मनरेगा योजना में मेट, कारीगर और मजदूरों की मजदूरी नहीं देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2024 के बाद से आज तक मनरेगा योजना में भुगतान नहीं हुआ है। वहीं, सामग्री मद में भी कोई भुगतान नहीं दिया गया है। इससे मेट, मजदूर और कारीगर के सामने आर्थिक समस्या का सामना करना पड रहा है। वृद्धावस्था, विधवा ओर दिव्यांग पेंशन भी 3 महीने से नहीं मिली है, जबकि ये लोग पेंशन पर निर्भर हैं। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

# 'हमारी बालिकाएं शिक्षा प्राप्त करेंगी, तभी हमारा और देश का पूर्ण विकास होगा'

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधाधरनगर के मुरलीपुरा में संस्कृति चिल्ड्रन्स एकेडमी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य है, इन्हें आज दिए गए संस्कार और शिक्षा, इनके व्यक्तित्व विकास के साथ सशक्त राष्ट्र निर्माण का भी मुख्य आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। बच्चों को खेल व सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रोत्साहन दिया जा रहा है जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है। वहीं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए गये कार्य प्रशंसनीय हैं। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत प्रदान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं।

- वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की शिरकत

उन्होंने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त करके विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय, क्षेत्र, अध्यापकों और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। हमारे देश का और हमारा तभी पूर्ण विकास होगा जब हमारी बालिकाएं शिक्षा प्राप्त करेंगी। बालिकाओं को शिक्षित करके उन्हे आगे लाकर ही हम खुशहाल भविष्य बना सकते है। उन्होंने अभिभावकों से आव्हान किया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए उन्हें समाज में आगे लाने के लिए कौशलपूर्ण शिक्षा अवश्य दिलाये।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा यह समय एक ऐसा समय होता है जो जीवन में हमेशा याद रहता है। इस समय आप सभी को मन लगाकर पढ़ना है। खेलकूद हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है इसलिए आप खूब खेले, इससे आपका शरीर मजबूत बनेगा और आप सभी में आपसी सद्भाव की भावना का विकास होगा। आजकल खेलों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहें हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी फीट इंडिया, खेलो इंडिया के साथ खेल और व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। इसलिए आप अपने जीवन में व्यायाम के साथ खेलों को भी अपनाएं। उन्होंने अभिभावकों को अनुरोध करते हुए कहा कि आप बच्चे की प्रतिभा को पहचाने और उसे उसी दिशा में आगे पढ़ाए और आपस में सामंजस्य रखे जिससे बच्चें का समठा विकास हो सके। विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान उपहार स्वरूप पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मुरली मनोहर, प्रकाश दास महाराज, जयपुर प्रांत के पर्यावरण प्रमुख अशोक शर्मा, विद्यालय सचिव आयुष शर्मा सहित शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से रेप करने का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में नाबालिग से रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। थानाधिकारी के अनुसार,मामला 24 मई 2023 का है। 13 वर्षीय नाबालिग की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने दर्ज कराई थी। पीडिता के पिता ने बताया कि वे परिवार के साथ गांव में एक शादी समारोह में गए थे। शाम को घर लौटने पर बेटी नहीं मिली। रिश्तेदारों के यहां तलाश करने पर पता चला कि एक युवक उसका अपहरण कर ले गया था। बाद में पीडिता को आरोपी के गांव से वापस लाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन आरोपी फरार हो गया। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में कई बार गुजरात का दौरा किया। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। अंतः पुलिस ने आरोपी को नेशनल हाईवे 48 पर खेरवाडा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# ड्यूटी के दौरान थाना अधिकारी को 80 फोन किए, मामला दर्ज

**सीकर, (निसं)।** सदर थानाधिकारी इन्द्रराज मरोड़िया ने ड्यूटी के दौरान एक युवक की ओर से लगातार 80 फोन कर परेशान करने के मामले में उन्होंने युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोपी युवक ने धमकी भी दी कि पुलिस उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती, क्योंकि एक भी नंबर उसके नाम से नहीं है। आरोपी युवक ने कहा कि डिजीटल लोन लेने वाले के गारंटर को व उन्हें दोनों को फोन करके परेशान करेगा जब तक कि पैसा नहीं आ जाता है।

- आरोपी युवक ने धमकी भी दी कि पुलिस उसका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकती, क्योंकि एक भी नंबर उसके नाम से नहीं है

सदर थानाधिकारी इन्द्रराज मरोड़िया ने एफआईआर में लिखा है कि 30 मार्च को वह सीकर शहर में भगवा वाहन रैली में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान उनके पास छोटे भाई शिंभूदयाल का फोन आया। उसने कहा कि एक आदमी अलग-अलग मोबाइल नंबर से कॉल करके रुपए मांग रहा है। रुपए जमा नहीं करवाने पर पत्नी और घरवालों को भी परेशान करने की धमकी दे रहा है। शिंभूदयाल ने वॉट्सऐप पर इंस्पेक्टर इन्द्रराज मरोड़िया को अलग-अलग नंबरों से धमकी देने वाले 23 नंबरों की एक लिस्ट भेजी। उन्होंने उन नंबरों पर कॉल किया। फोन करने वाले ने कहा कि दीपेश चुंडावत नाम के किसी शख्स ने डिजिटल लोन लिया है। उसमें रेफरेंस नंबर शिंभूदयाल का है। इंस्पेक्टर ने कहा कि यदि शिंभूदयाल दीपेश नाम के आदमी को जानता है तो वह उसको पैसे जमा करवाने के लिए बोल देगा।

आरोपी ने लगातार 80 फोन किए :-थानाधिकारी इंद्रराज मरोड़िया ने बताया कि आरोपी युवक ने कहा जब तक पैसे जमा नहीं कराओगे तब तक शिंभूदयाल और आपको इसी तरह से फोन पर धमकी देकर परेशान किया जाएगा। भगवा वाहन रैली में ड्यूटी पर होने के बावजूद आरोपी ने थानाधिकारी को लगातार 80 फोन करके परेशान किया।

# बाल विवाह रूकवाया

**डूंगरपुर।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बालिका का बाल विवाह 31 मार्च को होने जा रहा है। कॉलर ने बताया कि गांव खोकरवा पो. डूंगरसारण तहसील चीखली थाना कुआं में एक बालिका का बाल विवाह करवाया जा रहा है उसे मदद की आवश्यकता है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा ने इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को दी जिसके बाद कुआं पटवारी, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस थाना कुआं एवं सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बालिका का बाल विवाह रूकवाया जिसमें बालिका के दस्तावेज की जाँच के आधार पर बालिका नाबालिक पाई गई,जिसका बाल विवाह रूकवाया गया। जिला प्रशासन द्वारा बालिका के परिवार वालों को बाल विवाह नहीं कराने हेतु पाबंद किया। कार्यवाही में पटवारी टीना जैन, पुलिस थाना कुआं से थाना अधिकारी रमन, हीरालाल एवं चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर अर्चना मनात, कमलेश जैन, श्रष्टी सेवा समिति से सुरेन्द्र ढोली मय जाप्ता मौजूद रहे।

# सीएमएचओ के प्रयासों से चिकित्सकों की नियुक्ति जल्द होगी

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले की 133 में से 64 पीएचसी, यानि लगभग आधी पीएचसी बिना डॉक्टरों के ही चल रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक उपलब्ध होगा। जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार ने फैसला लिया है कि ऐसा कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होगा, जहां पर डॉक्टर उपलब्ध ना हो। साथ ही ऐसा कोई भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं होगा, जो सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे चल रहा है। झुंझुनूं में बिना चिकित्सकों के चल रहे 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इसी सप्ताह यूटीबी के आधार पर चिकित्सक पदस्थापित हो जाएंगे। तो वहीं जिले के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जो एक चिकित्सक के भरोसे चल रहे थे, उन पर भी दो चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी।

- यूटीबी पर 70 चिकित्सक लेने की प्रक्रिया अंतिम चरण में
- जिले में ऐसी कोई पीएचसी नहीं रहेगी, जहां डॉक्टर नहीं होगा

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देश के बाद 70 चिकित्सकों की भर्ती यूटीबी के आधार पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों, लू और तापघात मरीजों की संभावना तथा सरकार की योजनाओं का हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचे, इसकी सुनिश्चितता के लिए 70 चिकित्सकों की भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसी हफ्ते डॉक्टरों को खाली पड़ी पीएचसी और एक चिकित्सक के भरोसे चल रही सीएचसी में पोस्टिंग दे दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार करीब छह महीने पहले यूटीबी पर चिकित्सक भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। उस समय करीब 30-35 चिकित्सक लेने थे, लेकिन इसके बाद पीएचसी पर कार्यरत कई चिकित्सक पीजी करने के लिए चले गए। इसके बाद झुंझुनूं जिले में वर्तमान में 64 पीएचसी बिना डॉक्टरों तथा 6 सीएचसी सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे चल रही थी। अब जिले की हर पीएचसी पर डॉक्टर होगा। वहीं ऐसी भी कोई सीएचसी नहीं होगी, जो सिर्फ एक चिकित्सक के भरोसे चल रही हो।

**ये पीएचसी और सीएचजी, जहां पर लगेंगे एक-एक डॉक्टर :-** जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अब चिकित्सक मिलने वाले हैं, उनमें बुडाना, बाकरा, पातुसरी, बिंजूसर, बीबासर, केड, सिंगनौर, भोड़की, भाटीवाड़, धमोरा, बहादुरवास, भारू, टांई, हेतमसर, वाहिदपुरा, गांगियासर, बाजला, चुड़ैला, निराधनूं, कालियासर, सोनासर, भामरवासी, सोलाना, किठाना, नरहड़, सारी, बख्तावरपुरा, बलौदा, काजड़ा, किढवाना, घूमनसर कलां, डूलानिया, छापड़ा, जखोड़ा, सांवलोद, हीरवा, घरड़ाना खुर्द, पचेरी कलां, बाय, बसावा, देवगांव नूआं, टोडपुरा, तोगड़ा कलां, मांडासी, रामपुरा, कारी, बुगाला, भोजनगर, कुमावास, डूंडलोद, चंवरा, छापोली, मणकसास, सराय, बाघोली, त्यौंदा, टीबा बसई, पपुरना, गौरीर, माधोगढ़, ढाणी बाढ़ान, रसूलपुर, डाडा फतेहपुरा, गुड़ा शामिल है। वहीं जिन सीएचसी पर सिर्फ एक चिकित्सक है, उनमें भड़ौन्दा कलां, महनसर, जेजूसर, ढिगाल, मेहाड़ा जाटूवास तथा राणासर है, लेकिन इन छह सीएचसी पर दो-दो चिकित्सक हो जाएंगे।

# झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ के खनन पट्टा की भी समयावधि समाप्त

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में दो समेत प्रदेश के 50 ऐसे पट्टे, जिन्हें खान विभाग ने खनन के लिए परमिशन दे रखी है, उन पर 31 मार्च 2025 के बाद, यानि कि मंगलवार से खनन बंद हो गया है। अब इन 50 पट्टाधारियों के खनन वापिस शुरू करवाना भी आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से आदेश लाने पड़ेंगे। झुंझुनूं के जिन दो खनन पट्टों की समयावधि समाप्त हुई है, उनमें झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ का खनन पट्टा भी शामिल है, जो ना केवल विवादों में है, बल्कि इस खनन पट्टे पर खनन का विरोध कई दिनों से पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के नेतृत्व में बस्ती के लोग कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के कान्हा पहाड़ का खनन पट्टा जवान रॉक मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक यश कटेवा पुत्र श्याम सिंह कटेवा को दिया गया है। इस पट्टे के बाद कान्हा पहाड़ से खनिज चेजा पत्थर एवं ग्रेनाइट निकाला जा रहा था। काफी समय तक खनन कार्य बीच में बंद रहा, लेकिन अब जब शुरू हुआ तो इसका विरोध पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने शुरू कर दिया। कई बार आंदोलन हुए और पूर्व मंत्री व बस्ती के लोगों पर एफआईआर भी दर्ज करवाई, लेकिन अब खनन पट्टे का समय पूरा होने से 31 मार्च 2025 के बाद से इसमें खनन नहीं होगा। खान विभाग ने नोटिस जारी कर पट्टाधारी को खनन ना करने की अंडरटेकिंग देने के आदेश दिए हैं। वहीं झुंझुनूं जिले के खिरोड़ में संचालित गोपाल लाइम का भी पट्टा अवधि 31 मार्च 2025 को खत्म हो गई है। प्रदेश में झुंझुनूं समेत 50 ऐसे पट्टे हैं, जिनकी समयावधि 31 मार्च 2025 को खत्म हो गई है। ये वो पट्टे हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वत शृंखला में माना है और इनके नवीनीकरण के लिए पहले सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। अब इन क्षेत्रों में पट्टों का नवीनीकरण करवाने के लिए राजस्थान सरकार और पट्टाधारी सुप्रीम कोर्ट ही जाना पड़ेगा। इसके बाद ही नवीनीकरण होगा और फिर से खनन शुरू हो सकता है। जानकारी के अनुसार कान्हा पहाड़ में पट्टे के नवीनीकरण के लिए पट्टाधारी जवान रॉक मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक यश कटेवा पुत्र श्याम सिंह कटेवा ने पूरी प्रक्रिया पूरी कर रखी है। तो वहीं खिरोड़ की गोपाल लाइम काफी दिनों से बंद पड़ी है। साथ ही पट्टाधारी ने नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी नहीं की है, जिसके कारण अब यदि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलती है तो सरकार इसको दुबारा नीलाम करेगी।



झुंझुनूं में दो समेत प्रदेश के 50 ऐसे पट्टे, जिन्हें खान विभाग ने खनन के लिए परमिशन दे रखी है, उन पर 31 मार्च के बाद खनन बंद हो गया है।

- झुंझुनूं के दो समेत प्रदेश के 50 पट्टों पर खनन हुआ बंद
- पट्टाधारियों के खनन वापिस शुरू करवाना भी आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट से आदेश लाने पड़ेंगे



यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन मुझे पता है कि यह सही समय है। हॉकी मेरी जिंदगी रही है और भारतीय जर्सी पहनना सबसे बड़ा सम्मान था। - वंदना कटारिया

भारतीय हॉकी खिलाड़ी, अपने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल से संन्यास लेने पर बोलते हुए।

# खेल जगत



## आज का खिलाड़ी ▶ क्रैग ब्रैथवेट

क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में जहां शाई होप को टी-20 प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी है।क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को टीम के कप्तान को लेकर बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ब्रैथवेट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं की है। एकदिवसीय कप्तान शाई होप को टी-20 टीम की जिम्मेदारी दी गई है। वह रोवमैन पॉवेल की जगह लेंगे।ब्रैथवेट को 2021 में टेस्ट कप्तान बनाया गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जोएल गार्नर ने 1977 से 1987 के बीच 98 वनडे मैच खेले।

# पंजाब की लगातार दूसरी जीत, लखनऊ को 8 विकेट से हराया

## प्रभसिमरन-श्रेयस की फिफ्टी, अर्शदीप सिंह को 3 विकेट

लखनऊ, 1 अप्रैल। पंजाब किंग्स ने 2025 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में पंजाब ने 172 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर 52 और नेहल वधेरा 43 रन बनाकर नाबाद रहे।

प्रभसिमरन सिंह ने 34 बॉल पर 69 रनों की पारी खेली। लखनऊ से दिग्वेश राठी को 2 विकेट मिले। लखनऊ से निकोलस पूरन ने 44, आयुष बडोनी ने 41 रन की पारियां खेलीं। ऐडन मार्करम ने 28 और अब्दुल समद ने 27 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्को यानसन, और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिल।



निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में विकेट पर सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा कर लिया।

आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुये थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही।

## इटली में छाईं गुजरात की मनोदिव्यांग आशाबेन, पिंकलबेन

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। गांधीनगर, 01 अप्रैल (वार्ता) इटली के ट्यूरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स (विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल) में गुजरात की दो मनोदिव्यांग आशाबेन ठाकोर और पिंकलबेन चौहान खिलाड़ियों ने डंका बजाया है।सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि मेहसाणा की आशाबेन ठाकोर और दाहोद की पिंकलबेन चौहान ने ट्यूरिन में फ्लोरबॉल खेल में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका वाली गुजरात की इन बेटियों ने अपने अद्भुत खेल कौशल से गुजरात और भारत का नाम रोशन किया है।

फ्लोरबॉल हॉकी जैसा एक इनडोर खेल है, जिसे हल्की प्लास्टिक बॉल और विशिष्ट कार्बन फाइबर स्टिक के साथ खेला जाता है। उल्लेखनीय है कि इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च के दौरान स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स का आयोजन किया गया था, जिसमें भारत के 30 एथलीटों ने अलग-अलग खेलों में हिस्सा लिया था, जिनमें से गुजरात की आशाबेन ठाकोर और पिंकलबेन चौहान ने फ्लोरबॉल में शानदार प्रदर्शन किया।एसएजी द्वारा 2010 से मनोदिव्यांग खिलाड़ियों के लिए स्पेशल खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है: अंतरराष्ट्रीय संगठन स्पेशल ओलंपिक के संदर्भ में, 'स्पेशल ओलंपिक भारत गुजरात' स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात (एसएजी) द्वारा मान्यता प्राप्त एक नोडल संस्था है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात की ओर से वर्ष 2010 से दिव्यांग श्रेणी के लिए स्पेशल खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई करते हैं और विभिन्न देशों में हर दो साल में आयोजित होने वाले वर्ल्ड गेम्स के लिए उनका चयन किया जाता है।





**जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का पहला मुकाबला 13 अप्रैल को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाना है। आईपीएल 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं लेकिन अब तक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। इस देरी के चलते आयोजन की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।**

### इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज से बड़ा झटका

## बेन स्टोक्स काउंटी चैम्पियनशिप से बाहर

लंदन, 1 अप्रैल। भारत बनाम इंग्लैड के साथ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गये है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने यह जानकारी दी। कैंपबले को भरोसा है कि ऑलराउंडर स्टोक्स इंग्लैंड के ग्रीष्मकालीन मुकाबलों के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऐंगे।ऑलराउंडर स्टोक्स (33) छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान हुई वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है, लेकिन हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं।एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑलराउंडर स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से अब अपनी पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं। जिसके कारण वह भी पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे।मुख्य कोच ने कहा, वे फिलहाल गंभीर चोटों से उबर रहे हैं। हालांकि उन्हें टेस्ट मैचों के शुरू होने से पहले अपने आप को फिट रखना होगा।इंग्लैंड का टेस्ट समर 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होगा, उसके बाद भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज होगी। ऑस्ट्रेलिया के एशेज दौरे के मद्देनजर स्टोक्स आठ महीनों में 11 टेस्ट को खेलने के लिए अपनी वापसी को प्राथमिकता दे रहे हैं।

ऑलराउंडर स्टोक्स ने सोमवार से डरहम में अपनी रिकवरी जारी रखते हुए फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। दस दिन पहले ही हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट को साझा किया था जिसमें वह नेट् अभ्यास में गेंदबाजी करते दिख रहे थे।

## आईपीएम डेब्यू में 4 विकेट लेने वाले अश्वनी पंजाब के साईकिल से स्टेडियम गए

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। चंडीगढ़ इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए गेंदबाज अश्वनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। 31 मार्च की शाम को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अश्वनी ने 3 ओवर में 4 विकेट झटके।यह के डेब्यू मैच में किसी भी भारतीय गेंदबाज की ओर से किया गया सबसे अव्वल प्रदर्शन है। इसके बाद अब लोगों को यह जानने की उत्सुकता है कि आखिर अश्वनी कुमार हैं कौन? कहां के रहने वाले हैं? उन्होंने किस तरह यहां तक का सफर तय किया इन सभी सवालों के जवाब हमने उनके कोच से बात कर पता किए। उन्होंने बताया कि अश्वनी कुमार पंजाब में मोहाली के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने क्रिकेट का सफर मोहाली डिस्ट्रिक्ट एकेडमी में कोच हरविंदर सिंह के सानिध्य में शुरू किया था।अपने गांव से मोहाली तक वह हर रोज साइकिल से जाते थे और घर से रोजाना 30 रुपए पॉकेट मनी लेते थे। खैर अब साइकिल का सफर हवाई सफर में तब्दील हो चुका है।

# आईपीएल के पैसों से माता-पिता को घर गिफ्ट करेंगे प्रिंयांश आर्या

## पंजाब ने 3.80 करोड़ रुपये में खरीदा

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्या (24) की मेगा ऑक्शन 2024 में मिली राशि से अपने माता-पिता को दिल्ली में घर गिफ्ट करने जा रहे हैं। उनके माता-पिता सरकारी मकान में रहते हैं। दिल्ली में उनके पास अपना मकान नहीं है। यह जानकारी प्रियांश के कोच संजय भारद्वाज ने दी, जो भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर के कोच रहे हैं।

प्रियांश को पंजाब ने 3 करोड़ 80 लाख रुपए में खरीदा था।24 साल के प्रियांश ने 25 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ डेब्यू किया। इससे पहले पिता ने उन्हें बेस्ट ऑफ लक कहा। कोच ने कहा था- गेम पर फोकस करना, अटैकिंग खेलना है।प्रियांश सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इकाना स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में पंजाब की टीम का हिस्सा होंगे।प्रियांश के परिवार में 6 टीचर हैं।



उनके पिता पवन कुमार, मां राजबाला दिल्ली में पढ़ाते हैं, जबकि उनकी बड़ी बहन भी हैं।प्रियांश के क्रिकेटर बनने की कहानी; गेल-गांगुली को देखकर लेफ्टी बैटिंग की पवन अपने बेटे के क्रिकेटर बनने की कहानी को बताते हुए कहते हैं, मैं हरियाणा के फतेहाबाद के गांव भूना से हूं। वहां क्रिकेट की सुविधा नहीं थी, लेकिन मैं क्रिकेट खेलता था। फिर दिल्ली में टीचिंग करने लगा, लेकिन क्रिकेट में मेरी रुचि बनी रही। मैं पर प्रियांश के साथ मैच देखता था।एक दिन उसने सौरव गांगुली और क्रिस गेल को देखकर कहा कि मुझे भी इसी तरह का क्रिकेटर बनना है। इन्हें देखकर उसने लेफ्टी बैटिंग की शुरुआत की, तब गेल पीक पर थे और काफी अटैकिंग क्रिकेट खेलते थे।

गौतम गंभीर भी उसके आदर्श हैं।जब प्रियांश ने क्रिकेट खेलने की इच्छा जाहिर की, तो मैं उसे स्कूल के फिजिकल टीचर के पास ले कर गया और उनसे पूछा कि यह स्पोर्ट्स के लिए है या नहीं। इसे किस खेल में डालना चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि अगर ये क्रिकेट खेलना चाहता है तो उसमें ही डालें। फिर मैंने एक साल तक अकादमी की तलाश की और फिर संजय भारद्वाज जी के पास लेकर गया।

## अजिंक्य रहाणे ने बल्लेबाजों को ठहराया हार का जिम्मेदार

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। आईपीएल 2025 का 12वां मुकाबला मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया। इस मैच में ने केकेआर को 8 विकेट से हराया। इसके साथ ही मुंबई इंडियंस को सीजन की पहली जीत मिली है। जबकि केकेआर की ये लगातार दूसरी हार है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने हार की वजह बताई।दरअसल, मुंबई से मिली हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि बल्लेबाज सामूहिक रूप से नाकाम रहे। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में रहाणे ने कहा कि, सामूहिक रूप से बल्लेबाज नाकाम रहे। जैसा कि मैंने टॉस में कहा था कि, ये बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट था। इ विकेट पर 180-190 रन का स्कोर अच्छा होता। इसमें बहुत अच्छा उछाल है। कभी-कभी आपको गति और उछाल का उपयोग करना पड़ता है। इस खेल में हमें बहुत तेजी से सीखने को मिला। गेंद से कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकिन बोर्ड पर ज्यादा रन नहीं बने। हम लगातार विकेट खोते रहे। पावरप्ले में चार विकेट। इसे समेकित करना और उस कुल को बोर्ड पर लाना कठिन था। आपको उस साझेदारी को जारी रखने की आवश्यकता है। अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत है।मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी में आईपीएल 2025 के 12वें मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ मुंबई ने टूर्नामेंट में अपना खाता खोला, क्योंकि इससे पहले खेले गए दोनों मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

## रोहित-विराट बीसीसीआई कॉट्रैक्ट लिस्ट में प्लस ग्रेड में ही रहेंगे, श्रेयस की वापस होगी

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर्स विराट कोहली और रोहित शर्मा के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में प्लस ग्रेड में ही रहेंगे। के सूत्रों के मुताबिक, बोर्ड दोनों खिलाड़ियों को टी-20 से रिटायरमेंट के बावजूद प्लस ग्रेड में रखने पर विचार कर रहा है। इस ग्रेड में दोनों प्लेयर्स को सालाना 7 करोड़ रुपए मिलेंगे। बोर्ड का मानना है कि इन दोनों खिलाड़ियों को वह सम्मान मिलना ही चाहिए, जिसके वे हकदार हैं।सूत्रों ने बताया कि टीम इंडिया के नंबर 4 बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। श्रेयस अय्यर को कुछ घरेलू मैच न खेलने की वजह से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटा दिया



गया था।अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में करीब 49 की औसत से बनाए रन अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए थे।

उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे।रोहित, विराट और जडेजा ग्रेड में बरकरार वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा में बरकरार रहेंगे। ये तीनों पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टी-20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी एप्लस ग्रेड में बने रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में श्रेयस ने शानदार प्रदर्शन किया पिछले साल श्रेयस और ईशान किशन को डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने की वजह से के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया था। इसके बाद श्रेयस ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की और आखिरी रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए पांच मैचों में 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रन बनाकर श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 325.00 की शानदार औसत से पांच मैचों में 325 रन बनाए।

अभिषेक, नीतीश और वरुण पहली बार हो सकते हैं शामिल अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और और वरुण चक्रवर्ती पहली बार के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल हो सकते हैं। वरुण ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में 9 विकेट लिए थे। नीतीश ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 2024-25 के खेले 12 टी-20 इंटरनेशनल में 200.48 की स्ट्राइक से 411 रन बनाए है।

## सिडनी सिक्सर्स का हैरान करने वाला ऐलान

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली इन दिनों आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे हैं। वह 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी का हिस्सा हैं। हालांकि, आईपीएल के बीच ऑस्ट्रेलिया की बिग बैग लीग की फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स ने कोहली को लेकर एक चौंकाने वाला ऐलान किया। सिक्सर्स ने कहा कि कोहली बीबीएल में भी खेलेंगे। ये पोस्ट कुछ ही देर में आग की तरफ वायरल हो गई लेकिन इसमें एक पेच है। दरअसल, ये एक प्रैंक है जो सिक्सर्स ने 1 अप्रैल के दिन किया जिसे अप्रैल फूल डे भी कहा जाता है।सिडनी सिक्सर्स मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, किंग कोहली आधिकारिक तौर पर अगले दो सीजन के लिए सिक्सर हैं। फ्रेंचाइजी ने बाद में लिखा कि, अप्रैल फूल्स। पोस्ट पर जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। वहीं इस पोस्ट से कुछ देर के लिए यूजर्स चौंक गए थे।

## धामी ने बैटिंग कर शुरू किया इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट

देहरादून, 1 अप्रैल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट में बल्लेबाजी कर खेल का शुभारंभ किया।इस अवसर पर उन्होंने उत्तरांचल प्रेस क्लब में खेल सामग्री के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा भी की। यह टूर्नामेंट महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज में सात दिन (एक से सात अप्रैल) तक चलेगा। धामी ने कहा कि अमूमन पत्रकार साथी खेलों की रिर्पोटिंग कर खबर बनाते हैं। इस तरह के आयोजन से उन्हें खेल मैदान में जहां अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं खेलों से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' की सराहना करते हुए आमजन को अपनी दिनचर्या में खेल गतिविधि को शामिल करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज भागदौड़ के जीवन में जरूरी है कि व्यक्ति खेलों से जुड़कर मानसिक तनाव से दूर रहे और स्वस्थ रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के हित में निरंतर प्रयासरत है। खिलाड़ियों को अधिकतम खेल सुविधाओं को देने की कोशिश जारी है। इससे आने वाले दिनों में राज्य के खिलाड़ी नेशनल गेम्स की तरह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लाकर राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा,गौरतलब है कि राष्ट्रीय गेम्स में राज्य के नाम 103 पदक रहे, यह सरकार की सफल खेल नीतियों का ही परिणाम है। क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिंह, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, निदेशक, खेल, प्रशांत आर्य, खिलाड़ी, क्लब के मेंबर, सहित खेल कार्यकारणी के सदस्य और दर्शक भी मौजूद रहे।

## विराट कोहली ने संन्यास पर दिया बड़ा अपडेट

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। मौजूदा समय में विराट कोहली के दुनिया भर में कई फैंस हैं। वह दुनिया के सबसे फिट खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप पर हैं। कोहली अभी करीब 36 साल के हैं। वे भारत के लिए चैंपियंस ट्रॉफी, वनडे विश्व कप और टी20 वर्ल्ड कप में खेल चुके हैं। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीत के बाद कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास पर काफी चर्चा चली। इस मसले पर कोहली ने जवाब दे दिया है। विराट ने एक इवेंट के दौरान बड़ा हिंट दिया।वहीं विराट इन दिनों आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं। वे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा हैं। कोहली ने सीजन के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक भी लगाया। कोहली ने इस बीच हाल ही में एक इवेंट में हिस्सा लिया था। विराट का इस इवेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एंकर कोहली से पूछती है कि आपके लिए अगला बड़ा कदम क्या होगा? जिसके जवाब में कोहली कहते हैं कि, शायद वर्ल्ड कप 2027 जीतना।कोहली के जवाब ने संन्यास के सवाल पर लगाम लगा दिया है। उन्होंने इशारों इशारों में बता दिया कि फिलहाल संन्यास का इरादा नहीं है। अगले वर्ल्ड कप 2027 में खेला जाएगा। रोहित शर्मा और कोहली इसमें खेल सकते हैं। हालांकि, ये उनकी फिटनेस और फॉर्म पर निर्भर करेगा।फिलहाल, कोहली ने अभी तक 123 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। उन्होंने इस दौरान 9230 रन बनाए हैं। कोहली टेस्ट में 30 शतक और 31 अर्धशतक लगा चुके हैं। वे दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। विराट ने 302 वनडे मैच खेले हैं। इस दौरान 14181 रन बनाए हैं। विराट इस फॉर्मेट में 51 शतक और 74 अर्धशतक लगा चुके हैं। वे 125 टी20 मैचों में भारत के लिए 4188 रन बना चुके हैं।

## राजस्थान वुशू टीम की घोषणा

जयपुर, 1 अप्रैल। भारतीय वुशू संघ और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त राष्ट्र में दिनांक 2 से 7 अप्रैल 2025 तक गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाली सब्जुनियर और जूनियर खेलों में भारत राष्ट्रीय विमेन वुशू लीग में भाग लेने वाली टीम की घोषणा की। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम की घोषणा की। अध्यक्ष पद के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार है -

**जूनियर टीम -** हिता नागा, हिमांगी नेगी, कीर्ति सिंह, निकिता, प्रतीक्षा, ओन्या, यशिका खंडेलवाल, अभिषेक, स्नेहा, मनत, नोज़, पाइलिया भारती

**सब जूनियर टीम -** आराजा, अंजा, प्राशी, शिविका, रितान्त, हर्षिता, खुशी शर्मा, मिशाल, तनीषा गुर्जर, तन्वी दलधीच, अलमास अली, राज अपिता, भूमि, चित्रा क्षी चौहान, दीपिका, दिव्यांशी, नविता, प्रेक्षा, प्रियांशा।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों में विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, गोपाल साहू संघ, संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, प्रिंस शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशु संघ, के. सी. घुमरिया, सामी, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, प्लाजा, राजस्थान वुशु संघ और सभी रेजिमेन्ट ने पदक जीत कर आने की शुभकामनाएं दीं।

## राज्य स्तरीय अंडर-14 चैलेंजर ट्रॉफी कल से

जयपुर, 1 अप्रैल। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राज्य स्तरीय अंडर 14 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन आगामी 3 अप्रैल 2025 से किया जायेगा। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक श्री जयदीप बिहाणी के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ आगामी 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2025 के दौरान जयपुर में राज्य स्तरीय अंडर 14 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन करेगा। राज्य स्तरीय अंडर 14 चैलेंजर ट्रॉफी की विभिन्न टीमों में खिलाडियों का चयन आरसीए द्वारा आयोजित की गयी राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में राज्य के युवा खिलाडियों द्वारा किये गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### // अनुराग मिश्रा स्मृति बी-डिवीजन लीग //

# उद्घाटन मैच में जहीरुल हसन क्लब की जीत में आलोक गुर्जर का शतक

जयपुर, 1 अप्रैल। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेला गया जिसमें जहीरुल हसन क्लब ने स्टार क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराया। आज प्रात: के एल सैनी स्टेडियम पर पूल ए के मैच में स्टार क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विहान जैन के 33 रन, अभिषेक कौल के 79 रन, आरव कुमार के 33 रन व आशीष चोपड़ा के 15 रनों से 37.4 ओवर में 208 रन बनाए। जहीरुल हसन क्लब के लिए लाला राम निठारवाल ने 34 पर 4, मुकेश जाट ने 29 पर 3 व चंदन चौधरी ने 35 पर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी में जहीरुल हसन क्लब ने आलोक गुर्जर के नाबाद शतक 104 रन (113 गेंद, 13 चौके), सिया राम चौधरी के 55 रन, आशीष के 18 रन व चंदन चौधरी के 15 रन नाबाद से 37.3 ओवर में 3 विकेट पर 214 रन बनाकर मैच जीत लिया। स्टार क्रिकेट क्लब के लिए आरव कुमार ने 34 पर 2 व योगेश सैनी ने 43 पर एक लिया। मैच पुर्व मुख्य अतिथि आईपीएस लोकेश सोनवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जेडीसीए एडहॉक कमेटी के कन्वीनर



सुरेश शर्मा, पूर्व आयोजन सचिव सलीम खान, ओम शर्मा, महेंद्र सिंह राजवी, रफीक जोया, तपेश कौशिक, प्रमोद सिंह सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# 'प्रदेश की 6759 पंचायतों के चुनाव कब करवाए जाएंगे?'

## राजस्थान हाई कोर्ट में राज्य सरकार और चुनाव आयोग से पूछा और 7 अप्रैल तक जवाब मांगा

- कोर्ट ने कहा, राज्य सरकार व चुनाव आयोग, चुनाव कार्यक्रम के साथ जवाब दें।
- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के चुनाव स्थगित करने तथा निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक लगाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

जयपुर, 1 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की 6759 पंचायतों के चुनाव स्थगित कर निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक लगाए जाने से जुड़े मामले में राज्य सरकार व चुनाव आयोग से कहा है कि वे 7 अप्रैल तक चुनाव कार्यक्रम सहित यह बताए कि पंचायतों के चुनाव कब होंगे। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह व प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश गिर्राज सिंह व अन्य की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा ने बताया कि पिछली सुनवाई पर अदालत ने राज्य सरकार को पंचायत चुनावों का कार्यक्रम बताने के लिए कहा था। इसके बावजूद राज्य सरकार ने ना कार्यक्रम पेश किया है और ना यह बताया है कि पंचायत चुनाव कब होंगे। राज्य सरकार ने आदेश की पालना नहीं की है।

राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मामले में जवाब पेश किया जा चुका है।

महाधिवक्ता किसी अन्य केस में जयपुर से बाहर हैं, इसलिए समय दिया जाए। इसके बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार व चुनाव आयोग को पंचायत चुनाव का कार्यक्रम पेश कर जानकारी देने को कहा।

पीआईएल में कहा गया कि पंचायत राज विभाग ने 16 जनवरी 2025 की नोटिफिकेशन के जरिए संविधान व पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना कर ग्राम पंचायतों के चुनाव स्थगित कर दिए और निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त कर उन्हें वित्तीय अधिकार दे दिए। वहीं, वार्ड पंचों को प्रशासनिक कमेटी का सदस्य बना दिया। यह अधिसूचना पंचायती राज कानून के खिलाफ है। नोटिफिकेशन में ना तो चुनाव कराने की कोई सीमा तय है और ना प्रशासकों के कार्यकाल की कोई तिथि तय की है। जबकि संवैधानिक प्रावधानों के तहत ना तो पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है और ना ही उनमें प्रशासक लगाए जा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस वृद्धि का लाभ मिलेगा।

कर्मचारियों को मई 2025 में देय अप्रेल 2025 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक तीन माह की राशि संबंधित कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पैंशनरों को 01 जनवरी, 2025 से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पैंशनरों के हित में लिए गए इस निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 820 करोड़ रूपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

## प्र.मंत्री मोदी ने उत्कल दिवस पर शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली, 01 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्कल दिवस के अवसर पर ओडिशा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत को ओडिशा के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र और ओडिशा सरकारें राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं।

- प्रधानमंत्री ने कहा, भारत को ओडिशा के इतिहास, साहित्य व संगीत पर गर्व है।

मोदी ने सोशल मीडिया एक्स उड़िया और अंग्रेजी में अलग-अलग पोस्ट में लिखा, उत्कल दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! यह दिन ओडिशा की गौरवशाली संस्कृति के लिए उपयुक्त श्रद्धांजलि है। भारत को ओडिशा के इतिहास, साहित्य और संगीत पर गर्व है। ष

ओडिशा के लोग मेहनती हैं और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले एक वर्ष में, केंद्र और ओडिशा सरकारें राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही हैं।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरजा व्यास की हालत गंभीर

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री व्यास गणगौर की पूजा के समय गंभीर रूप से झुलस गईं थीं

- अहमदाबाद के ज़ायडस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।
- डॉक्टर्स ने कहा, उनकी स्थिति गंभीर है। 60 प्रतिशत बर्न के साथ गिरने से सिर में जो चोट लगी है, उससे उन्हें ब्रेन हैमरेज हो गया है।

उदयपुर, 1 अप्रैल। कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री गिरिजा व्यास की हालत नाजुक बनी हुई है। सोमवार को गणगौर पूजन के दौरान वे 50 प्रतिशत झुलस गईं। फिलहाल उन्हें अहमदाबाद के जायडस अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है।

हॉस्पिटल के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. गिरीश अमलानी ने स्थिति गंभीर बताते हुए कहा कि व्यास 60 प्रतिशत झुलसी हैं। गिरने से सिर में चोट लगने के कारण ब्रेन हेमरेज भी हुआ है। गंभीर स्थिति के कारण अभी सर्जरी भी संभव नहीं है। आपको बता दें कि गिरिजा व्यास सोमवार को घर में गणगौर पूजा के दौरान आरती कर रही थीं। इसी दौरान दीपक की लौ से चुन्नी में आग लग गई, जिसके कारण व्यास गंभीर रूप से झुलस गईं।

गिरिजा व्यास के भाई गोपाल शर्मा ने ब्रेन हेमरेज की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा, दीदी सिर्फ आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं। हमारे लिए वे मां-बाप सब कुछ हैं, बस उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने भी गिरिजा व्यास की सेहत को लेकर उनके परिवार से बात की है और जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। घटनाक्रम को बताते हुए शर्मा ने कहा कि कल उन्हें अमेरिकन हॉस्पिटल से अहमदाबाद के जायडस अस्पताल ले गए थे, जहां उनका इलाज जारी है। डॉ. गिरिजा व्यास वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं। वे केन्द्र और राज्य में बड़े पदों पर रह चुकी हैं। वे राज्य और केन्द्र सरकार में मंत्री रहने के अलावा, कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रह चुकी हैं। दो बार राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 1985 से 1990 तक विधायक और राजस्थान सरकार में पर्यटन राज्य मंत्री रहीं। गिरिजा व्यास साल 1991 में पहली बार सांसद बनीं। वे उदयपुर से तीन बार सांसद रहीं। वे 1996 और 1999 में उदयपुर से कांग्रेस के टिकट पर सांसद का चुनाव जीतीं। 2009 में चित्तौडगढ़ से लोकसभा चुनाव जीतीं। वे कांग्रेस की मीडिया प्रभारी, विचार विभाग की प्रमुख रहने के अलावा, कांग्रेस के मुखपत्र कांग्रेस संदेश की एडिटर इन चीफ भी रह चुकी हैं।

## तमिलनाडु ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्नाद्रमुक नहीं भाजपा करेगी। यह भाजपा का आंतरिक मामला है लेकिन अन्नाद्रमुक इस गठबंधन में सीनियर पार्टनर है।

लगता है खुद अन्नामलाई भी समझ गए हैं कि पार्टी की प्रदेश इकाई में उनके दिन पूरे हो गए हैं। यहबात तब पता चली जब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि नेतृत्व उन्हें जो भी भूमिका देगा उसे स्वीकार करने के लिए वे तैयार हैं।

कोवाई ने कहा कि, अन्नामलाई राजनीति में नए हैं हम किसी को भी अन्नाद्रमुक की राह का कांटा नहीं मानते हैं जहां तक तमिलनाडु का सवालहै, गठबंधन में अन्नाद्रमुक वरिष्ठ पार्टनर हैं।

उन्होंने कहा कि, तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले के राजनैतिक घटनाक्रम में अन्नाद्रमुक का पलड़ा भारी है, पर उसका भाजपा के आंतरिक मसलों से कोई लेना-देना नहीं हैं। हमारे नेताओं के पास इसके लिए वक्त नहीं है। पलानीस्वामी का फोकस चुनाव जीतने पर है और सरकार बनाने पर है पर अगर पार्टी अन्नाद्रमुक के अनुकूल फैसले करना चाहती है तो यह उनका फैसला है।

सूत्रों के अनुसार तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याण रमन ने पार्टी नेतृत्व को अन्नामलाई तथा पार्टी पर उसके प्रभाव के बारे में दो साल पहले ही बता दिया था पर तब यह बात सुनी नहीं गई। पर अब हालात अन्नामलाई के प्रतिकूल हैं और तमिलनाडु भाजपा के अधिकांश नेता अन्नामलाई को नहीं चाहते हैं।

# ब्यावर में टैंकर से नाइट्रोजन गैस रिसाव, फैक्टरी मालिक सहित तीन की मौत

## 60 से अधिक गंभीर पीड़ितों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल रैफर किया

- सरकार ने मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रूपए तथा घायलों को 25-25 हजार रूपए की सहायता दी।

अजमेर, 1 अप्रैल (कासं)। अजमेर संभाग के ब्यावर जिले के बलाड़ रोड, सादों का बाड़िया क्षेत्र स्थित सुनील ट्रेडिंग कंपनी के तेजाब गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस का रिसाव होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में करीब 60 से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। गैस रिसाव रोकने के चक्कर में फैक्टरी मालिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई गंभीर पीड़ितों को अजमेर जेएलएन अस्पताल रैफर किया है। हादसा सोमवार देर शाम को हुआ था। हादसे के प्रभावित लोगों को इलाज के लिये ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय व अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, गैस रिसाव के चलते जहरीली गैस की चपेट में आने से करीब साठ से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अजमेर के जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया, जहां मंगलवार सुबह दो लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, दो अन्य मरीज बाबूलाल और लक्ष्मी देवी की हालत गंभीर बनी हुई है और वे जेएलएन अस्पताल में भर्ती हैं। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही फैक्ट्री मालिक सुनील सिंघल ने गैस को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की, लेकिन इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अजमेर रेफर किया गया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। इसके अतिरिक्त, नरेन्द्र सोलंकी पुत्र भैरुलाल सोलंकी निवासी सरगांव व दयाराम नामक युवक की भी मौत हो गई है। वहीं, जिला कलेक्टर लोक बंधु ने ब्यावर गैस रिसाव दुखान्तिका के संबंध में समुचित उपचार करने के लिए जेएलएन चिकित्सालय के चिकित्सकों को निर्देश प्रदान किए।

जेएलएन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे ने बताया कि ब्यावर गैस रिसाव दुखान्तिका के पीड़ित व्यक्तियों से मिलकर मंगलवार को जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने समुचित उपचार करने के लिए निर्देश दिए। वे ब्यावर स्थित राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में उपचाररत पीड़ितों के उपचार करने वाले चिकित्सकों के साथ लगातार सम्पर्क में हैं। किसी मरीज के रेफर किए जाने की स्थित में आपातकालीन वार्ड एवं आईसीयू वार्ड में पलंग आरक्षित रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिला कलैक्टर ने घायलों का अस्पतालमें जाकर जायजा लिया। उन्होंने अस्पतालअधीक्षक को ऑक्सीजन, मेडिकल किट, अतिरिक्त बेड, अतिरिक्त स्टॉफ की व्यवस्था करने तथा विशेषज्ञों का मेडिकल बोर्ड गठित कर घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ब्यावर अस्पताल से समन्वय कर, रेफर किए जाने योग्य मामलों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को और सख्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

फैक्ट्री में हुए गैस रिसाव के कारण पीड़ित व्यक्तियों एवं परिजनों से मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं विधायक अनिता भदेल ने मिलकर बेहतरीन उपचार एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

मंत्री अविनाश गहलोत एवं विधायक अनिता भदेल ने जेएलएन चिकित्सालय अजमेर में पहुंचकर पीड़ित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे एवं उप अधीक्षक डॉ. अमित यादव से उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित व्यक्तियों का बेहतरीन उपचार करने के निर्देश दिए। ब्यावर से 22 व्यक्ति जेएलएन चिकित्सालय अजमेर में रैफर किए गए थे। इनमें से 6 आईसीयू में, 4 पीडियाट्रिक वार्ड में तथा 9 आपातकालीन यूनिट में उपचाररत हैं। इस दुखान्तिका में सुनील कुमार, नरेन्द्र सोलंकी एवं दयाराम की उपचार के दौरान मौत हो गई। मंत्री गहलोत ने इनके परिजनों के साथ बातचीत कर ढांढस बंधाया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल जाने। घायल व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है। प्रत्येक व्यक्ति को बेहतरीन उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त दवाओं की व्यवस्था की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल लगातार ध्यान रख रहे है। उन्होंने इस दुर्घटना को हृदयविदारक बताते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए सरकार तत्पर है। औद्योगिक सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी कड़े कदम उठाए जाएंगे। सरकार ने मृतक व्यक्तियों के परिजनों के लिए एक-एक लाख तथा घायल व्यक्तियों के लिए 25-25 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध करवाई है। इसके अतिरिक्त भी उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस संबंध में सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

# 'पंजाब में आप सरकार भाजपा के इशारे पर काम कर रही है'

## पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आरोप लगाया

- वड़िंग ने राज्य में प्रदर्शन कर रहे किसानों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

चंडीगढ़, 01 अप्रैल। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के आवासों के बाहर राज्य भर में प्रदर्शन कर रहे किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

वड़िंग ने एक बयान में कहा कि आप ने किसानों को बुरी तरह से निराश किया है और उनके साथ विश्वासघात किया है।

उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों पर निर्मम कार्रवाई के बाद, सभी को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान कम से कम केन्द्र सरकार के समक्ष इस मामले को उठाएंगे।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से हमारे सीएम ने जानबूझकर चुप्पी साध रखी है, जिसका कारण वे ही जानते हैं।

उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, आप, भाजपा के फ्रंटल संगठनों में से एक बन गई है और पंजाब में उसके इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप किसानों के लिए केवल मगरमच्छ के आंसू बहा रही है, जबकि वास्तव में वह किसानों के संघर्ष को विफल करने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन कर रही है।

वड़िंग ने पूछा कि मुख्यमंत्री को चार साल पहले किसानों से किए गए अपने वादों का मामला उठाने से किसने रोका। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने किसानों से किए गए अपने वादों की याद दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखने की भी जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि आप ने इतने सालों तक जो किसान समर्थन का दिखावा किया था, वह आखिरकार खत्म हो गया है और पार्टी पंजाबियों के सामने बेनकाब हो गई है।

# बनासकांठा में पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटा: 21 मजदूरों की मौत, 5 घायल

## दो दिन पहले सभी मृतक व घायल मध्यप्रदेश से मजदूरी के लिए यहाँ आए थे

अहमदाबाद, 01 अप्रैल। गुजरात के बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से मध्य प्रदेश के 21 मजदूरों की मौत हो गई। इसके अलावा, हादसे में 5 मजदूर घायल हुए हैं।

फैक्ट्री डीसा तहसील की धुनवा रोड पर है। विस्फोट के दौरान मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे।

नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है।

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही हादसे के शिकार मृतक मजदूरी के लिए आए थे। घायल मजदूर मध्य प्रदेश के हरदा जिले के हंडिया गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल, मृतकों की पहचान की जा रही है।

डीसा एसडीएम नेहा पांचाल ने बताया कि घटना में घायल सभी लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल 3 लोगों का इलाज चल रहा है। ये 40 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जांच जारी है।

दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वे इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखे बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसैंस है, बनाने का नहीं, इसलिए स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

## पूंजीपतियों के इशारे पर आदिवासियों के साथ अन्याय

नयी दिल्ली, 01 अप्रैल। कांग्रेस ने कहा है कि आदिवासियों को जल, जंगल और जमीन के अधिकारों से वंचित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार आदिवासियों के हकों की रक्षा को लेकर चुप्पी साधे हुए है और वनवासियों के अधिकारों को चुनौती दी जा रही है, जिस पर बुधवार को उच्चतम न्यायायल में महत्वपूर्ण सुनवाई होनी है।

आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डॉ. विक्रांत भूटिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन कहा कि आदिवासियों के साथ न्याय नहीं हो रहा है और पूंजीपतियों के इशारे पर आदिवासियों को उनके हकों से वंचित किया जा रहा है।

# '27 प्रतिशत मतदाता स्टालिन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बड़ा कारण है स्टालिन के नेतृत्व को जनता द्वारा पसंद किया जाना। लेकिन विजय एक नया फैक्टर है और युवा वर्ग में उसकी काफी अपील है जिसे द्रमुक अनदेखा नहीं कर सकती है खासकर तब जब द्रमुक को सरकार विरोधी फैक्टर का सामना भी करना पड़ रहा है। और पूर्व में भी कानून व व्यवस्था के मुद्दे पर द्रमुक को भारी कीमत चुकानी पड़ी है।

सर्वे में तमिलनाडू सरकार के प्रति जनता के संतोष को भी देखा गया। निष्कर्षों के अनुसार 15 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे बहुत ज्यादा संतुष्ट है, 36 प्रतिशत ने खुद को एक हद तक संतुष्ट बताया, और 25 प्रतिशत ने कहा कि वे असंतुष्ट हैं तथा 25 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी। यही बात है जो द्रमुक के लिए चिंता का कारण है।

मुख्यमंत्री के रुप में स्टालिन के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर 22 प्रतिशत ने खुद को बहुत ज्यादा संतुष्ट बताया, 33 प्रतिशत ने किसी हद तक संतुष्ट बताया वहीं 22 प्रतिशत ने पूर्ण असंतोष जताया और 23 प्रतिशत ने कोई राय नहीं दी।

लेकिन स्टालिन के लिए खुशी की बात यह है कि विपक्ष के नेता ई. पलानीस्वामी के बारे में जनता की राय बहुत खराब है। इसके अलावा विपक्ष के रुप में भाजपा ज्यादा सक्रिय नज़र आती है। इससे भी पलानीस्वामी का दबदबा घटा हैं।

हालांकि स्टालिन सर्वाधिक लोकप्रिय हैं पर विजय के राजनीति उभरने से उनके समीकरण बिगड़ सकते हैं। पर अभी उनके पास एक साल का टाइम है।

## नाबालिग से दुष्कर्म....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पीड़िता ने बताया कि अभियुक्त उसे अपने कमरे में ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने आरोपों को दोहराया। दूसरी ओर, अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसके पीड़िता की मां से प्रेम संबंध थे। इसके चलते पीड़िता के पिता ने उसकी मां को दबाव में लेते हुए झूठा मामला दर्ज करवा दिया और पुलिस ने भी जबरन चिकित्सीय साक्ष्य जुटाए हैं। इसलिए उसे दोषमुक्त किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद, अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए बीस साल की सजा से दंडित किया है।

## अन्य राज्यों के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देते हुए याचिका में कहा गया कि दिव्यांगजन अधिनियम केंद्रीय कानून है और संपूर्ण भारत में समान रूप से लागू है। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने एससी, एसटी या ओबीसी के पद के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्होंने सामान्य दिव्यांग वर्ग में आवेदन किया है, एवं नियुक्ति देते समय भी उनका मेडिकल होगा।

ऐसे में यदि वह दिव्यांग साबित नहीं होते हैं तो उनका चयन निरस्त हो जाएगा। इसलिए उन्हें नियुक्ति दी जानी चाहिए।

याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि भर्ती विज्ञापन में शर्त रखी गई थी कि दिव्यांग वर्ग में आवेदन करने के लिए प्रदेश के सक्षम अधिकारी के ही दिव्यांग प्रमाण पत्र को मान्यता दी जाएगी। याचिकाकर्ताओं के पास प्रदेश से बाहर का दिव्यांग प्रमाण पत्र है। ऐसे में उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई।

मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने चार सप्ताह में याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति देने के लिए कहा है।

# प्रयागराज में अंबेडकर की मूर्ति तोड़ी, भारी हंगामा

## टिकरी गांव में सोमवार रात कुछ बदमाशों ने यह हरकत की

- मंगलवार सुबह जब लोगों ने टूटी मूर्ति देखी तो वे आक्रोशित हो गए तथा भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने हालात नियंत्रित रखने के लिए भारी जाप्ता लगाया।

प्रयागराज, 01 अप्रैल। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के मांडा क्षेत्र में संविधान रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को कुछ शरारती तत्वों के द्वारा खंडित किए जाने से आक्रोशित लोगों की भीड़ के हंगामा करने की सूचना पर कई थानों की पुलिस पहुंच गयी।

मांडा थाना के दिघिया पुलिस चौकी क्षेत्र की ग्रामसभा टिकरी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ शरारती तत्वों ने सोमवार की रात किसी समय क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह मूर्ति का दाहिना हाथ टूटा देख ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मूर्ति तोड़ने और हंगामे की खबर पाकर मेजा एसडीएम दशरथ कुमार, एसीपी रवि कुमार गुप्ता समेत दो थानों की फोर्स वहाँ पहुंच गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों को समझा कर शांत किया। गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।

घटना की सूचना पाकर सामाजिक संगठन के लोगों के साथ भीम सेना के कार्यकर्ता भी घटना स्थल पर पहुंचे हैं। मांडा थाने में ग्रामीणों ने तहरीर दी है। बसपा पदाधिकारियों ने थाने में अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ने वाले की गिरफ्तारी को लेकर पत्र दिया।

आदर्श समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी ने बताया कि यहां विधानसभा मेजा के टिकरी गांव में कल रात अमर्यादित विचारधारा के लोगों ने बाबा साहेब की मूर्ति का एक हाथ तोड़ दिया है।

सूचना मिलते ही सुबह हम लोग यहां आए हैं। देखा तो बाबा साहब की मूर्ति का दाहिना हाथ तोड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि बाबा साहब अंबेडकर का सिर्फ हाथ नहीं तोड़ा गया है बल्कि उनकी विचारधारा को तोड़ा है, देश के अंदर समता-स्वतंत्रता-संधुत्व की विचारधारा को तोड़ा है। जो इस विचारधारा को नहीं मानते हैं, उन्होंने ही इस मूर्ति को तोड़ा है। हमने शासन प्रशासन से मांग की है कि जिन लोगों ने भी मूर्ति को तोड़ा है, उनकी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी हो।

समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला अध्यक्ष यमुनापार के पप्पू लाल निषाद ने घटना की घोर निंदा की है। बताया कि पार्टी के मेजा से विधायक संदीप सिंह पटेल मौके पर गए है। घटना में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है और प्रशासन ने जल्द नई मूर्ति लगवाने की मांग की है।

## नमाज़ पर रोक की निंदा

श्रीनगर, 01 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद और श्रीनगर के पुराने शहर में ईद की नमाज़ की अनुमति नहीं दिए जाने के एक दिन बाद, सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इस कदम को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय' करार दिया।

पार्टी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि आतंकवाद के चरम के दौरान भी इन दोनों स्थलों पर नमाज़ कभी नहीं रोकी गई। भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी ने कहा, आज तथाकथित सामान्य स्थिति के नाम पर लोगों को उनके मौलिक धार्मिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास है, न कि सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के पास।

# साबरमती आश्रम पुनरोद्धार केस, तुषार गांधी की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

नयी दिल्ली, 01 अप्रैल। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद में साबरमती आश्रम और उसके आसपास के इलाकों का पुनरुद्धार करने के गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें इस मामले में याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया गया था। गुजरात सरकार ने दावा किया था कि 1200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के तहत मौजूदा आश्रम को न तो छेड़ा जाएगा, न ही उसमें कोई बदलाव किया जाएगा।

उच्च न्यायालय ने सितंबर, 2022 में याचिका खारिज करते हुए महसूस किया कि प्रस्तावित परियोजना महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन को बढ़ ावा देगी और यह व्यापक रूप से मानव जाति के लिए फायदेमंद होगी।

पुनरुद्धार के बाद गांधी आश्रम सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए सीखने का स्थान होगा। याचिका में दावा किया गया कि आश्रम को "विश्व स्तरीय संग्रहालय" और "पर्यटक स्थल" बनाने के लिए इसे फिर से डिजाइन और पुनर्विकास करने का निर्णय महात्मा गांधी की (30 सितंबर, 1933 को उनके लिखित निर्देश के अनुसार) व्यक्तिगत इच्छाओं के बिल्कुल विपरीत है।

## दो बाघों को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विचरण होने से ग्रामीण फसलें नहीं काट पा रहे थे।

खेतों एवं वन क्षेत्र के मध्य से जो रास्ता निकलता है, वह ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का भोजपुर, मण्डीदीप और बंगरसिया आना-जाना लगा रहता है।

कुछ ग्रामीण मण्डीदीप फैक्ट्रियों में नौकरी करने भी जाते हैं।

वन विभाग से ग्रामवासी लगातार टाइगर्स के रेस्क्यू की माँग कर रहे थे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी टाइगर के मूवमेंट के संबंध में लिखा था। ग्रामीणों की माँग को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों टाइगर्स को रेस्क्यू करने का निर्णय लिया।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908